आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

## 'जय बाबा केदारनाथ'



## श्रद्धालुओं के लिए खुल गये बाबा केदारनाथ के कपाट

**देहरादून ( एजेंसी )।** बाबा केदारनाथ के श्रद्धालुओं के लिए आज केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए गए हैं। कपाटोद्घाटन के पावन क्षण के हजारों श्रद्धालु साक्षी बने। इस दौरान श्रद्धालुओं के उत्साह और आस्था ने कड़ाके की ठंड में भी गर्मी पैदा कर दी। बाबा के सहारे श्रद्धालुओं ने चढ़ाई चढ़ी और कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की सारी थकान मिट गई। फिर बाबा केदार की (शेष पृष्ठ-3 पर)



# 'मोदी के जिंदा रहते धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं'

● महाराष्ट्र में कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**मुंबई ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव-2024 के चौथे चरण के मतदान से पहले सियासी दलों ने अपना प्रचार प्रसार इन 96 सीटों पर तेज कर दिया है। बता दें कि इससे पहले तीसरे चरण में देश के 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों पर वोटिंग हुई थी। आज प्रधानमंत्री कई चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी उप्र के कन्नौज में एक साथ चुनावी रैली कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नंदुरबार में रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'मोदी जब तक जिंदा है SC-ST-OBC का आरक्षण किसी धर्म को नहीं देने दूंगा।' उन्होंने कहा, 'मैं दायित्व के साथ कहना चाहता हूं। वंचित का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है।'

पीएम मोदी ने कहा कि आरक्षण पर कांग्रेस



का हाल चोर मचाए शोर वाला है। धर्म के आधार पर आरक्षण बाबा साहेब और संविधान की भावना के खिलाफ है. लेकिन दलित, पिछड़े, आदिवासी का आरक्षण छीनकर अपने वोटबैंक को देना कांग्रेस का एजेंडा है। कांग्रेस जानती है कि वो विकास में मोदी का मुकाबला (शेष पृष्ठ-3 पर)

## रवि किशन ने भरा नामांकन



गोरखपुर सदर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रवि किशन शुक्ला ने आज नामांकन किया। रवि किशन नामांकन दाखिल करने के लिए सदर स्थित जिला कलेक्टोरेट में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पहुंचे। इस दौरान वह कार्यकर्ताओं से घिरे रहे। उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाते हुए परिसर के अंदर प्रवेश किया। नामांकन से पहले उन्होंने पूजा-पाठ की फिर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी भेंट की।

## प्रेमी युगल ने हिंडन में छलांग लगाई युवक की मौत



**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के तहत नेशनल हाईवे नम्बर-91 पर एक प्रेमी युगल ने हिंडन नदी में छलांग लगा दी। जिससे प्रेमी की मौत हो गई। तथा प्रेमिका को लोगों ने सकुशल बाहर निकाल लिया। थाने के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि अंकित निषाद पुत्र शिवचरण निषाद उम्र 30 वर्ष तथा उसकी प्रेमिका रागिनी ने कल रात को हिंडन नदी के पुल से नदी में छलांग लगा दी। तभी आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। लोगों ने प्रेमिका रागिनी को सकुशल बाहर निकाल लिया, लेकिन प्रेमी अंकित नदी में डूब गया। उन्होंने बताया कि अंकित के शव को पुलिस ने बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिजनों को पुलिस ने घटना की सूचना दे दी हैं।

# टाटा स्टील के बिजनेस हेड की हत्या में शामिल बदमाश मुठभेड़ में ढेर

### इंस्पेक्टर भी जख्मी, गाजियाबाद में लूट के इरादे से की थी हत्या

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** गाजियाबाद में पिछले दिनों शालीमार गार्डन इलाके में टाटा स्टील के बिजनेस हेड की हत्या मामले में गाजियाबाद पुलिस ने हत्या के आरोपी को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। पुलिस का कहना है कि टाटा स्टील के बिजनेस हेड की हत्या लूट के बाद की गई थी। एनकाउंटर के दौरान एक बदमाश मौके से फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद पुलिस ने एनकाउंटर में बदमाश अक्की उर्फ दक्ष को ढेर कर दिया। बताया जा रहा है कि इस बदमाश ने 3 मई की रात टाटा स्टील के बिजनेस



हेड विनय त्यागी के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया और उसके बाद हत्या कर दी। ट्रांस हिंडन के डीसीपी ने बताया कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

## रिचार्ज को लेकर हुई झड़प, तोड़ डाली दुकान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर ईकोटेक-3 क्षेत्र के ग्राम हबीबपुर में रिचार्ज को लेकर हुई झगड़े के बाद कुछ युवकों ने दुकान में घुसकर दुकान मालिक और कर्मचारियों के साथ मारपीट की और दुकान में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने इस मामले में थाना ईकोटेक-3 में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाने में अनुराग मर्या ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम हबीबपुर में उसकी शिव इंटरप्राइजेज के नाम से दुकान है। 8 मई को रात 10.00 बजे के करीब अभय नामक एक व्यक्ति उसकी दुकान पर रिचार्ज कराने आया था। रिचार्ज को लेकर उसकी अभय से झड़प हो गई। अगले दिन जब वह दुकान खोलने आया तो अभय व उसका साथी विशाल व अन्य लड़के हॉकी, डंडे लेकर दुकान में घुस आए उसके व उसके कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के बाद दुकान में तोड़फोड़ की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

# एसीएस ने किया जेवर एयरपोर्ट का दौरा

### अफसरों को दिए कार्य में तेजी लाने के निर्देश



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव(एसीएस) एसपी गोयल आज जेवर सें बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान श्री गोयल ने एयरपोर्ट की प्रगति को लेकर अफसरों से चर्चा की तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

अफसरों ने एसपी गोयल को बताया कि 3900 मीटर का पहला रनवे बनकर तैयार है। अब विमानों को उतारने का ट्रायल शुरू होने की तैयारियां जोरों पर है। कुछ दिनों पहले ही नोएडा एयरपोर्ट पर विमानों की सुरक्षित लैंडिंग कराने के लिए ग्लाइड पाथ एंटीना स्थापित किया गया है। एयरपोर्ट में रडार सिस्टम समेत अन्य तकनीकी उपकरण लगाए जा रहे हैं।

बता दें कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अक्टूबर 2024 में उड़ान शुरू हो जाएंगे। पहले दिन ही नेशनल और इंटरनेशनल लेवल की उड़ान शुरू हो जाएगी। इसका काम काफी तेजी के साथ चल रहा है। नोएडा एयरपोर्ट से यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ने का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। आगामी 15 जून तक यमुना एक्सप्रेसवे पर इंटरचेंज का काम पूरा हो जाएगा, जिससे दिल्ली और आगरा से सीधा जेवर एयरपोर्ट जुड़ जाएगा।




## सैम पित्रोदा के बाद मणिशंकर के विवादित बोल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस अभी तक सैम पित्रोदा के कथित नस्लभेदी और रंगभेदी बयान को लेकर हुई आलोचना से उबरी भी नहीं है कि कांग्रेस के एक और वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने फिर कुछ ऐसा कह दिया है, जिस पर विवाद हो सकता है। दरअसल मणिशंकर अय्यर ने एक बातचीत में कहा कि पाकिस्तान एक संप्रभु देश है और उनके पास परमाणु बम भी है, इसलिए हमें उन्हें सम्मान देना चाहिए। मणिशंकर अय्यर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया है, जिसमें अय्यर ने (शेष पृष्ठ-3 पर)












## अर्थव्यवस्था की सेहत

किसी देश की अर्थव्यवस्था की सेहत इस बात से भी आंकी जाती है कि उसकी राष्ट्रीय बचत किस स्थिति में है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से होड़ करती हुई आगे बढ़ रही है। मगर इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि यहां राष्ट्रीय घरेलू बचत का रुख नीचे की तरफ बना हुआ है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़े में बताया है कि पिछले तीन वर्षों में देश के परिवारों की शुद्ध बचत नौ लाख करोड़ रुपए से अधिक घट गई है। जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्तवर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी, जो 2022-23 में घट कर 14.16 लाख करोड़ रुपए रह गई। यह स्थिति तब है जब देश में विदेशी मुद्रा की आवक बढ़ी है। विदेशों में रह रहे भारतीयों ने 2022 में एक सौ ग्यारह अरब डालर भारत भेजे। इस तरह हम दुनिया का पहला देश बन चुके हैं, जहां सौ अरब डालर या उससे अधिक विदेशों से भेजा गया धन प्राप्त हुआ है। हालांकि समीक्ष्य अवधि में म्युचुअल फंड में निवेश बढ़ कर तीन गुना और शेयरों तथा डिबेंचर में परिवारों का निवेश बढ़ कर दोगुना हो गया है। मगर इसके बरक्स सच्चाई यह भी है कि पिछले तीन वर्षों में परिवारों पर कर्ज का बोझ बढ़ कर दोगुना हो चुका है। इसमें परिवारों द्वारा गैरवित्तीय बैंकों से लिया गया कर्ज चार गुना बढ़ा है। यह अवधि कोरोनाकाल के दौरान और उसके बाद की है। उस दौरान भविष्य निधि खाते से निकाले गए धन में भी बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज हुई थी। यानी कोरोनाकाल के बाद जिस अर्थव्यवस्था के सुधरने के दावे किए जाते रहे हैं, उसमें लोगों का अपना घरेलू खर्च चलाना मुश्किल बना हुआ है। इससे रोजगार की स्थिति और प्रति व्यक्ति आय के स्तर का भी पता चलता है। देश की तरक्की का तूमार चाहे जितना ऊंचा उठ जाए, पर वह टिकाऊ आम आदमी की हैसियत से ही बनती है। इसलिए यह अपेक्षा अपनी जगह बनी हुई है कि हकीकत से आंखें मिलाते हुए, विकास दर के बरक्स बुनियादी खामियों को दूर करने की कोशिश हो।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे उमा! सुनो वह कुल धन्य है, संसारभर के लिए पूज्य है और परम पवित्र है, जिसमें श्री रघुवीर परायण (अनन्य रामभक्त) विनम्र पुरुष उत्पन्न हों॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**मति अनुरूप कथा मैं भाषी। जद्यपि प्रथम गुप्त करि राखी॥**
**तव मन प्रीति देखि अधिकाई। तब मैं रघुपति कथा सुनाई॥**

मैंने अपनी बुद्धि के अनुसार यह कथा कही, यद्यपि पहले इसको छिपाकर रखा था। जब तुम्हारे मन में प्रेम की अधिकता देखी तब मैंने श्री रघुनाथजी की यह कथा तुमको सुनाई॥

**यह न कहिअ सठही हठसीलहि। जो मन लाइ न सुन हरि लीलहि॥**
**कहिअ न लोभिहि क्रोधिहि कामिहि। जो न भजइ सचराचर स्वामिहि॥**

यह कथा उनसे न कहनी चाहिए जो शठ (धूर्त) हों, हठी स्वभाव के हों और श्री हरि की लीला को मन लगाकर न सुनते हों। लोभी, क्रोधी और कामी को, जो चराचर के स्वामी श्री रामजी को नहीं भजते, यह कथा नहीं कहनी चाहिए॥

**द्विज द्रोहिहि न सुनाइअ कबहूँ। सुरपति सरिस होइ नृप जबहूँ॥**
**रामकथा के तेइ अधिकारी। जिन्ह कें सत संगति अति प्यारी॥**

ब्राह्मणों के द्रोही को, यदि वह देवराज (इन्द्र) के समान ऐश्वर्यवान राजा भी हो, तब भी यह कथा न सुनानी चाहिए। श्री रामकथा के अधिकारी वे ही हैं जिनको सत्संगति अत्यंत प्रिय है॥

**गुर पद प्रीति नीति रत जेई। द्विज सेवक अधिकारी तेई॥**
**ता कहँ यह बिसेष सुखदाई। जाहि प्रानप्रिय श्रीरघुराई॥**

जिनकी गुरु के चरणों में प्रीति है, जो नीतिपरायण हैं और ब्राह्मणों के सेवक हैं, वे ही इसके अधिकारी हैं और उसको तो यह कथा बहुत ही सुख देने वाली है, जिसको श्री रघुनाथजी प्राण के समान प्यारे हैं॥

**दो0-राम चरन रति जो चह अथवा पद निर्बान।**
**भाव सहित सो यह कथा करउ श्रवन पुट पान॥**

जो श्री रामजी के चरणों में प्रेम चाहता हो या मोक्षपद चाहता हो, वह इस कथा रूपी अमृत को प्रेमपूर्वक अपने कान रूपी दोने से पिए॥

(क्रमशः..)

# पहले आम चुनाव में बलिया ने दिखाए बागी तेवर




आम चुनावों के बीच तमाम तरह से मुद्दे छाये हुए हैं.. कुछ जगहों पर बाहरी उम्मीदवार को लेकर स्थानीय वोटर और पार्टी कार्यकर्ता नाराज हैं। ऐसी कहानियां तमाम पार्टियों की हैं। कभी पार्टी अनुशासन का भय दिखाकर तो कहीं पुचकार कर कार्यकर्ताओं को मनाया जा रहा है। ताकि वे समर्थक वोटरों को मतदान केंद्र तक ला सकें। लेकिन कई जगह वोटरों को मनाना पार्टियों के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। तो कई जगहों पर बाहरी उम्मीदवार के पीछे स्थानीय कार्यकर्ता अभिभूत नजर आ रहे हैं। जितनी भारत की संस्कृति विविधरंगी है, जितना बहुरंगी अपना समाज है, उतने ही रंग चुनाव में भी दिख रहे हैं।

आजादी के बाद का पहला ही चुनाव था..आजादी के आंदोलन की अगुआ रही कांग्रेस की पूरे देश में तूती बोल रही थी। तपे-तपाए नेताओं के आभामंडल से भारतीय राजनीतिक क्षितिज दैदीप्यमान था, इसके बावजूद पंडित नेहरू देश की राजनीतिक धुरी बने हुए थे..चुनावों में नेहरू जहां भी जाते, वहां भीड़ लग जाती। लेकिन उसी नेहरू की बात को बलिया ने एक नहीं सुनी। ठीक उसी अंदाज में कांग्रेसी आलाकमान से बगावत कर दिया, जिस अंदाज में एक दशक पहले अंग्रेजों से बलिया का शासन छीन लिया था।

दूसरे आम चुनाव में पंडित नेहरू ने गोविंद मालवीय को बलिया में कांग्रेस का उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया था। गोविंद मालवीय कोई मामूली शख्सियत नहीं थे। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक, कांग्रेस और हिंदू महासभा के अध्यक्ष रहे पंडित मदनमोहन मालवीय के बेटे थे। गोविंद मालवीय की भी ख्याति मशहूर शिक्षाविद् के रूप में थी। नेहरू को लगा कि महामना मालवीय की प्रतिष्ठित विरासत और कांग्रेसी साख के साथ गोविंद मालवीय बलिया से चुनावी नैया पार लगा ले जाएंगे। नेहरू ने तब बलिया के कांग्रेस नेताओं से सलाह लेना भी उचित नहीं समझा।

**आजादी के बाद का पहला ही चुनाव था..आजादी के आंदोलन की अगुआ रही कांग्रेस की पूरे देश में तूती बोल रही थी। तपे-तपाए नेताओं के आभामंडल से भारतीय राजनीतिक क्षितिज दैदीप्यमान था, इसके बावजूद पंडित नेहरू देश की राजनीतिक धुरी बने हुए थे..चुनावों में नेहरू जहां भी जाते, वहां भीड़ लग जाती।**

बलिया के वरिष्ठ पत्रकार अशोक जी बताते हैं कि दरअसल बलिया की कांग्रेस कमेटी ने पहले चुनाव की उम्मीदवारी के लिए दो लोगों मुरली मनोहर श्रीवास्तव और उनके पिता और मशहूर पत्रकार दुर्गा प्रसाद गुप्त के नाम सुझाए थे। लेकिन कांग्रेस आलाकमान ने संविधान सभा के सदस्य रहे और कुछ ही दिन पहले काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति पद से हटे गोविंद मालवीय को उम्मीदवार बना दिया। बलिया के लोगों को यह नागवार गुजरा। उन्हें गोविंद मालवीय की उम्मीदवारी मंजूर नहीं हुई।

ऐसा नहीं कि बलिया के लोग महामना मालवीय को नहीं जानते थे। ऐसा भी नहीं कि गोविंद मालवीय के बारे में स्थानीय लोगों को पता नहीं था। लेकिन बलिया को बाहरी उम्मीदवार मंजूर नहीं था। बलिया के कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के तत्कालीन आलाकमान के सामने स्थानीय उम्मीदवार देने की मांग रखी। लेकिन उनकी मांग नकार दी गई। नेहरू ने गोविंद मालवीय की उम्मीदवारी हटाने से इनकार कर दिया। बलिया के लोगों को यह बात नागवार लगी। बयालिस के आंदोलन में अंग्रेजों से आजादी हासिल कर लेने वाले बलिया के लोगों को बाहरी उम्मीदवार पसंद नहीं आया। बलिया के गांवों, चट्टी-चौराहों पर बाहरी उम्मीदवार की चर्चा आम हो गई। गोविंद मालवीय से लोगों को निजी तौर पर किसी को एतराज नहीं था। लेकिन बलिया को ऐसा लगा कि बाहरी उम्मीदवार एक तरह से उनके स्वाभिमान को चुनौती है।

बलिया में बाहरी बनाम स्थानीय की चर्चा आम हो गई। गांव-गांव एक राय बनती चली गई कि स्थानीय उम्मीदवार को ही वोट देना है। बलिया के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं पर स्थानीय उम्मीदवार देने का दबाव बढ़ने लगा। इस दबाव में कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व ने उम्मीदवार की खोज शुरू की और उसकी निगाह जाकर बलिया के प्रतिष्ठित वकील मुरली मनोहर लाल पर टिक गई। मुरली मनोहर लाल को स्थानीय लोग मुरली बाबू के नाम से जानते थे। मुरली बाबू की वकील के रूप में प्रतिष्ठा थी।

1942 में बलिया पर कब्जा करने के बाद अंग्रेज सरकार ने लोगों पर खूब अत्याचार किए। लोगों के खिलाफ तमाम तरह के मुकदमे दर्ज किए गए। संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। लोगों की इस पीड़ा की कहानी फिरोज गांधी तक पहुंची। फिरोज गांधी ने बलिया का दौरा किया था। तब सड़कें नहीं थी, आवागमन के साधन नहीं थे। तब फिरोज गांधी तांगे से पीड़ितों के पास पहुंचे। लोगों पर हुए अत्याचार और नुकसान की रिपोर्ट तैयार की। उसके बाद उन्होंने मुरली बाबू की अगुआई में वकीलों का एक समूह तैयार किया, जो लोगों पर हुए अंग्रेजी शासन के अत्याचार को अदालत में चुनौती दे सके। फिरोज गांधी से मिली जिम्मेदारी का मुरली बाबू ने पूरी शिद्दत से निभाया था। इस वजह से भी बलिया में उनकी प्रतिष्ठा थी।

उस दौर के लोग बताते हैं कि शुरू में मुरली बाबू चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हुए। लेकिन जन दबाव में उन्होंने चुनावी मैदान में उतरना स्वीकार किया और कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार गोविंद मालवीय के खिलाफ ताल ठोक दिया। गोविंद मालवीय के सम्मान में कांग्रेसी दिग्गजों की बलिया में सभा भी हुई। लेकिन बाहरी बनाम स्थानीय का मामला नहीं थमा। यह मामला इतना तूल पकड़ा कि गोविंद मालवीय चुनाव हार गए। निर्दलीय लड़े मुरली मनोहर लाल चुनाव जीत गए। आजादी के बाद के पहले ही चुनाव में बलिया ने अपना बागी रूख दिखा दिया।

**-उमेश चतुर्वेदी**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# तेरा मंगल होये रे...

गुरू नानक देव जी की लिखी आरती 'गगन मै थालु, रवि चंदु दीपक बने' मेरी मनपंसद आरती है और इसी तरह 'तेरा मंगल, तेरा मंगल, तेरा मंगल होये रे' मेरा मनपसंद भजन। इस भजन की खासियत यह है कि यह सबसे पहले सामने वाले के मंगल की प्रार्थना है, फिर सबके मंगल की प्रार्थना है और उसके बाद, गुरू, माता, पिता आदि के मंगल की कामना के बाद सबसे आखिर में खुद के मंगल की प्रार्थना है। इस भजन में सबके लिए निस्वार्थ भाव से प्रेममय हो जाने का भाव, सबको बिना किसी लालच के, बिना किसी भेदभाव के, बिना किसी जान-पहचान के देने का भाव, सबके लिए सेवा का भाव निहित है, जो मुझे इसलिए भी पसंद है क्योंकि सहज संन्यास मिशन हम लोग इसी ध्येय के साथ काम करते हैं। अध्यात्म की सीढि़यां नामक सीरीज की इस लेख माला में मैंने बार-बार यही बताने की कोशिश की है कि परमात्मा के प्रति पूर्ण समर्पण, ब्रह्मांड की हर जड़-चेतन वस्तु और प्राणी के लिए प्रेम, सम्मान और सेवा का भाव ही असली आध्यात्मिकता है। हम ऐसा कर लें तो हमारी सोच बदल जाती है, शिकायतें खत्म हो जाती हैं, चुनौतियां परेशान नहीं करतीं, और मन में असीम कृतज्ञता का सुखदायी भाव आ जाता है। इस भजन की पहली दो पंक्तियां ही बड़ी प्रेरणादायक हैं जिनमें कहा गया है ङ्क 'तेरा मंगल, तेरा मंगल, तेरा मंगल होये रे- सबका मंगल, सबका मंगल, सबका मंगल होये रे।' ऐसी शुद्ध भावना, ऐसा निस्वार्थ प्रेम जब हमारे जीवन का हिस्सा हो जाता है तो अध्यात्म के रास्ते की सारी अड़चनें खत्म हो जाती हैं, हम और ब्रह्मांड एकाकार हो जाते हैं, हम मंदिर हो जाते हैं, हम परमेश्वर हो जाते हैं। भजन में आगे अपने गुरुदेव का मंगल, फिर माता का मंगल और उसके बाद पिता का भी मंगल मांगा गया है।

और आगे चलें तो भजन में जगत के हर दुखियारे प्राणी का मंगल और जल, थल और गगन के हर प्राणी के मंगल की प्रार्थना है। तब कहीं जाकर अपने लिए कुछ कहा गया है और वो भी ये कि हे प्रभु, मेरे अंतर्मन की गांठें टूट जाएं, मेरा अंतर्मन निर्मल हो जाए, मेरे मन में राग-द्वेष न रहे, मोह मिट जाए और मैं हमेशा शील समाधि की अवस्था में रह सकूं। इसके बाद फिर से इस धरती के लिए, पूरे समाज के लिए, इस धरती के सभी प्राणियों के लिए दुआ की गई है कि यहां धर्म की पुनर्स्थापना हो और धरती के कण-कण में धर्म समाए, जन-जन में धर्म की भावना उदित हो और हर घर में शांति हो। अंत में फिर से कहा गया है ङ्क 'तेरा मंगल, मेरा मंगल, सबका मंगल होये रे।' इस भजन के माध्यम से हम खुद को समाज से, ब्रह्मांड से और परमात्मा से जोड़ लेते हैं। यह भजन हमें सिखाता है कि हम खुद को समाज से अलग या समाज से बड़ा नहीं मानते और पूरे समाज की भलाई की कामना के बाद, खुद को समाज के अंग के रूप में ही अपने लिए कुछ मांगते हैं। यह अध्यात्म की सीढ़ी की पहली, परंतु आवश्यक पायदान है। इस भावना के बिना हम अध्यात्म की सीढि़यों पर आगे नहीं चढ़ सकते। फिर भी यह समझना जरूरी है कि यह एक सात्विक गृहस्थ की प्रार्थना है, क्योंकि इच्छा अभी बाकी है, मांग अभी बाकी है, समर्पण है पर पूरा समर्पण नहीं हो पाया। इसीलिए यह सिर्फ पहली पायदान है। इस पायदान को पार कर लेने के बाद अगली पायदान में हम पूर्ण समर्पण की स्थिति में पहुंच जाते हैं जहां हमारी अपनी कोई इच्छा, कोई महत्वाकांक्षा बाकी नहीं रह जाती। जीवन हमें जो कुछ देता है, हम उसे अहो भाव से स्वीकार करते चलते हैं।



**हमारे पिछले जन्मों के कर्मों के कारण इस जन्म के बहुत से काम या तो खुद ब खुद बनते चले जाते हैं या फिर बनते-बनते भी अचानक बिगड़ जाते हैं। यह हमारे संचित कर्मों का फल है, संचित कर्मों का परिणाम है। सहज संन्यास में हम अपने शुभ कर्मों से अपने पिछले जन्मों के पापों को धो लेते हैं और यह हमारे दुखों, चिंताओं, परेशानियों के अंत का कारण बन जाता है। सहज संन्यास परंपरा में दिखावे के कर्मकांड नहीं हैं, कठिन तंत्र-मंत्र नहीं हैं, पर साथ ही यह भी मान्यता है कि परमात्मा चाहे एक है, पर उस तक पहुंचने के रास्ते कई हैं और कोई दूसरा रास्ता भी गलत नहीं है। सहज संन्यास परंपरा किसी दूसरे रास्ते की आलोचना नहीं है, यह सिर्फ एक और रास्ता है जो जरा ज्यादा आसान है, ज्यादा मकबूल है और थोड़ा ज्यादा प्रभावी भी है।**

कुछ भी हमें विचलित नहीं करता, परेशान नहीं करता, चिंतित नहीं करता, दुखी नहीं करता, हम आत्मग्लानि के शिकार नहीं होते और हम समभाव में रहना सीख लेते हैं। हमारा जीवन ही पूजा बन जाता है, वंदना बन जाता है, उपासना बन जाता है, बंदगी बन जाता है और हमारा हर काम परमात्मा के प्रति समर्पण के भाव से पूरा होता है। जब ऐसा हो जाए तो हमें सचमुच फल की चिंता नहीं रह जाती और हम दुनियादारी की अपनी सभी जिम्मेदारियां निभाते हुए भी भगवान श्री कृष्ण की सीख के अनुसार निष्काम कर्म के साक्षी होते चलते हैं। यही कारण है कि यह भजन सहज संन्यास मिशन की भावना का प्रतिनिधि भजन बन गया है और हर सहज संन्यासी पूरी श्रद्धा से इसका गायन करता है। सहज संन्यास मिशन एक ऐसी संन्यास परंपरा है जिसमें संन्यासी न अपना परिवार छोड़ते हैं, न घर छोड़ते हैं, न दुनिया छोड़ते हैं, न ही अपनी नौकरी या व्यवसाय से किनारा करते हैं। इसी तरह न वे कपड़े रंगवाते हैं, न सिर मुंडाते हैं, न जटा बढ़ाते हैं। वे अपने जाने-पहचाने प्राकृतिक स्वरूप में ही रहते हैं, बस उनके सोचने और काम करने का तरीका बदल जाता है। संन्यास शरीर का नहीं, मन का भाव है, आत्मा का भाव है। इसलिए सहज संन्यास मिशन में किसी भी दिखावे का निर्देश नहीं है, किसी अलग पहचान का निर्देश नहीं है। निर्देश सिर्फ यही है कि परमात्मा के प्रति पूर्ण समर्पण के भाव के साथ मन में एक, एक और केवल एक सेवा का भाव होना चाहिए।

सबका सम्मान, सबसे प्रेम, सबकी सेवा। जैसे ही मन में इस भावना का उदय होता है, मन की चिंताएं, मन के संघर्ष, आकांक्षाएं, महत्वाकांक्षाएं आदि खुद ब खुद तिरोहित हो जाते हैं। मन निर्मल हो जाता है और जीवन मुक्त हो जाता है। एक ज्ञानी बंदर के बच्चे की तरह होता है जो छुटपन में अपनी मां के पेट के साथ खुद चिपटा रहता है, लेकिन भक्ति मार्ग का साधक एक सहज संन्यासी अपने समर्पण भाव के कारण बिल्ली के बच्चे की तरह हो जाता है जिसे उसकी मां, बिल्ली खुद उठा कर इधर-उधर ले जाती है। मां उसका ध्यान रखती है, मां उसका संरक्षण करती है। भक्त सिर्फ समर्पण कर देता है, परमात्मा खुद उसे अपने सुरक्षा कवच में ले लेते हैं। हमारे पिछले जन्मों के कर्म इस जन्म में हमारा भाग्य हैं, हमारी किस्मत हैं। हमारे पिछले जन्मों के कर्मों के कारण इस जन्म के बहुत से काम या तो खुद ब खुद बनते चले जाते हैं या फिर बनते-बनते भी अचानक बिगड़ जाते हैं। यह हमारे संचित कर्मों का फल है, संचित कर्मों का परिणाम है। सहज संन्यास में हम अपने शुभ कर्मों से अपने पिछले जन्मों के पापों को धो लेते हैं और यह हमारे दुखों, चिंताओं, परेशानियों के अंत का कारण बन जाता है। सहज संन्यास परंपरा में दिखावे के कर्मकांड नहीं हैं, कठिन तंत्र-मंत्र नहीं हैं, पर साथ ही यह भी मान्यता है कि परमात्मा चाहे एक है, पर उस तक पहुंचने के रास्ते कई हैं और कोई दूसरा रास्ता भी गलत नहीं है। सहज संन्यास परंपरा किसी दूसरे रास्ते की आलोचना नहीं है, यह सिर्फ एक और रास्ता है जो जरा ज्यादा आसान है, ज्यादा मकबूल है और थोड़ा ज्यादा प्रभावी भी है।

**-स्पिरिचुअल हीलर**
**सिद्धगुरु प्रमोद जी, गिन्नीज विश्व रिकार्ड विजेता लेखक**

## राशिफल

वैशाख कृष्ण पक्ष : तृतीया | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** सदी हुई वाणी। रिश्तों का विस्तार। धन का विस्तार। ज्ञान का विस्तार। बस स्वास्थ्य पर ध्यान रखिएगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)** लोग आपकी ऊर्जा से आकर्षित होंगे। चमकेत हुए सितारे की तरह दिखेंगे। प्रेम, संतान, व्यापार अद्भुत है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)** खर्च की अधिकता से बचें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान, व्यापार बहुत अच्छा है। कोई तकलीफ नहीं है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान की तरफ से खुशहाल समाचार। व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा समय।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। रुका हुआ कार्य चलने लगेगा। धन, वैभव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** परिस्थितियां थोड़ी प्रतिकूल हैं। बचकर पार करिए। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान की स्थिति बहुत अच्छी होगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** अपनी बुद्धि से, बौद्धिक क्षमता से समाज में छा जाएंगे। बच्चों से खुशहाल समाचार मिलेगा। प्रेम में अपनापन मिलेगा।


**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। घर में उत्साह बना रहेगा। कुछ शुभ संस्कार हो सकते हैं। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** व्यापारिक विस्तार होगा। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान, व्यापार बहुत अच्छा। पीली वस्तु पास रखें।

## हीटवेब से बचाव के लिए 'क्या करें, क्या न करें

# खूब पानी पिएं, 12 से 3 बजे के बीच बाहर न निकलें

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा। हीटवेब/लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने जनपदवासियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। मौसम वैज्ञानिकों का दावा है कि आने वाले दिनों में हीटवेब का असर बढ़ेगा और गर्मी भी काफी बढ़ेगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के नेतृत्व में जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर द्वारा हीट वेव/लू से बचाव के लिए 'क्या करें, क्या न करें' के संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है। जिला आपदा विशेषज्ञ गौतमबुद्धनगर ओमकार चतुर्वेदी ने हीट वेव/लू में 'क्या करें क्या न करें' के संबंध में विस्तार से बताया कि हीट वेव/लू के दौरान क्या करें।




1. प्रचार माध्यमों पर हीट वेव/लू की चेतावनी पर ध्यान दें।
2. अधिक से अधिक पानी पीयें, यदि प्यास न लगी हो तब भी।
3. हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले सूती वस्त्र पहने।
4. घर से बाहर निकलते समय घूप के चश्मे, छाता, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें।
5. अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ, पैरों को गीले कपडे से ढककर रखें तथा छाते का प्रयोग करें।
6. लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपडे से पोंछे अथवा नहलायें तथा चिकित्सक से सम्पर्क करें-
7. यात्रा करते समय पीने का पानी साथ रखें।
8. ओ0आर0एस0, घर में बने पेय पदार्थ जैसे-लस्सी, चावल का पानी, नीबूं पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके।
9. हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट कैम्प के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई, पसीना आना, बेहोशी आदि को पहचानना।
10. यदि बेहोशी या बीमारी अनुभव करते है तो तुरन्त चिकित्सकीय सलाह लें।
11. अपने घर को ठण्डा रखें। पर्दे, दरवाजे आदि का प्रयोग करें तथा रात व शाम के समय कमरों व घर को ठण्डा करने के लिये इन्हें खोल दें।
12. पंखे, गीले कपडे का प्रयोग करें तथा बार-बार स्नान करें।
13. कार्यस्थल पर ठंडे पीने का पानी रखें/उपलब्ध करायें।
14. कर्मियों को सीधे सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें।
15. श्रमसाध्य कार्यो को ठंडे समय में करने/कराने का प्रयास करें।
16. घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृत्ति को बढायें।
17. गर्भवती महिला कर्मियों तथा रोग्रगस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिये।

### हीट वेव/लू में क्या न करें

1- जानवरों एवं बच्चों को कभी भी बंद/खडी गाडियों में अकेला न छोडें।
2- दोपहर 12 से 03 बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें।सूर्य के ताप से बचने के लिये जहां तक सम्भव हो, घर के निचली मंजिल पर रहें।
3- गहरे रंग के भारी तथा तंग कपडे न पहनें।
4- जब बाहर का तापमान अधिक हो, तब श्रमसाध्य कार्य न करें।
5- अधिक प्रोटीन तथा बासी एवं संक्रमित खाद्य व पेय पदार्थ का सेवन न करें।





कन्नौज से सपा प्रत्याशी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समर्थन में चुनाव प्रचार करते सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव चौ. हसरूद्दीन खान एवं अन्य पार्टी कार्यकर्ता।



सेक्टर-142 स्थित शहदरा गांव में भाकियू ( बलराज ) का धरना आज भी जारी रहा



मैनपुरी में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा महाराणा प्रताप की मूर्ति तोड़े जाने के विरोध में कल क्षत्रिय समाज ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन सौंपा

# बेलगाम कार चालक ने दो स्कूटी व कार में मारी टक्कर, एक घायल




**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-62 में तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए एक व्यक्ति ने दो स्कूटी तथा एक वाल्वो कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये तथा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ितों ने थाने में मामले की शिकायत की है।

उद्यमी व भारत विकास परिषद के पूर्व महामंत्री अनुज गुप्ता ने बताया कि आज जब वे अपने प्रतिष्ठान सेक्टर-62 जा रहे थे तभी तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार संख्या डीएल-11 सीसी 6976 के मालिक व चालक लोकेश शुक्ला निवासी गली नं0-16 वजीराबाद दिल्ली ने दो स्कूटी तथा उनकी वोल्वो कार को जोरदार टक्कर मार दी तथा भागने का प्रयास करने लगा।

राहगीरों ने उसे पकड़ लिया तथा सेक्टर-63 थाने ले गई। जिसमें उसकी कार तथा दोनों स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे एक स्कूटी चालक को गंभीर चोट आई तथा बाकी लोग बाल-बाल बचे। खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले को निबटाने का प्रयास कर रही थी।

# अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन



**जयपुर/उड़ीसा।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर श्रीमती राजकुमारी ट्रेडस संस्थान में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया ट्रेडर्स के प्रोपराइटर कैलाश कुमार मिश्रा ने बताया कि आज अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर यह आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि अखंड रामायण पाठ की पूर्णहूति कल की जाएगी।

# राव ब्रह्मसिंह भाटी की पुण्यतिथि मनाई

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के गांव श्यौराजपुर में शहीद राव ब्रह्मसिंह भाटी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनके फोटो पर पुष्प चढ़ाकर गांव व क्षेत्र के लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

ब्रह्मसिंह भाटी की 9 मई 1994 को एनटीपीसी दादरी में किसान आंदोलन के दौरान सीआईएसएफ पुलिस फायरिंग में गोली लगने से मौत हो गयी थी। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करतार भाटी ने की व सभा का संचालन बिल्लू भाटी ने किया। सभा का आयोजन उनके छोटे भाई सुदेश भाटी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य ने किया।

श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, बिजेन्द्र भाटी भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व पिछड़ा वर्ग आयोग, राजू भाटी, सत्ते भाटी, राजेन्द्र भाटी, प्रदीप भाटी, गजब सिंह भाटी, मोंटी, सचिन भाटी, सुमंत राज भाटी, जयसिंह मंडार, डा. अजीत भाटी, सोनू भाटी, प्रमोद भाटी, राजेन्द्र धामा, मास्टर अजब सिंह भाटी, अजय चौधरी एडवोकेट, विनोद भाटी एडवोकेट, मोनू भाटी आदि मौजूद थे।



# गीता भाटी व मिथलेश भाटी किसान एकता संघ से निष्कासित





**नोएडा (चेतना मंच)।** किसान एकता संघ की बैठक राष्ट्रीय कार्यालय पर आहुत की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता भाटी व प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा यूपी के पद से दोनों का निष्कासन अनुशासनहीनता के कारण किया गया। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह अम्बावता ने बताया की पिछले कुछ समय से इन दोनों के खिलाफ काफी शिकायतें मिल रही थी संगठन के पदाधिकारियों से कई बार अनुशासनहीनता की शिकायतें संगठन को मिली। जिन की जांच में उन्हें दोषी पाया गया और किसान एकता संघ महिला मोर्चा से दोनों पदाधिकारी को संगठन से निष्कासित कर पद मुक्त कर दिया गया है। आज के बाद संगठन के नाम का इस्तेमाल करना असंवैधानिक होगा।


### नाम-परिवर्तन

मैं धीरेन्द्र सिंह भदौरिया पुत्र श्री ज्ञान सिंह भदौरिया निवासी एच-72, सेक्टर-12, नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर (उप्र) घोषणा करता हूं कि मेरी बेटी काव्या सिंह भदौरिया का नाम जन्म प्रमाण-पत्र में त्रुटिवश अर्शिया तथा मेरा नाम धीरेन्द्र भदौरिया लिख गया था। जिसे अब बदलकर काव्या सिंह भदौरिया कर दिया है व मेरा नाम धीरेन्द्र सिंह भदौरिया कर दिया गया है। अब भविष्य में सभी कार्य में मेरा नाम धीरेद्र सिंह भदौरिया तथा पुत्री का नाम काव्या सिंह भदौरिया ही लिखा तथा जाना जाएगा।

### पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः ETender-GSU-TRD-L01-24-25 दि.08.05.2024**

"खुली निविदा"

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति-शक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्रम सं 1:- कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में भटनी-गोरखपुर खंड में लेबल-क्रासिंग 118 सी पर किमी 437/193, एल.सी 120 पर किमी. 440/343, एल.सी 133 पर किमी 460/986, बनारस-प्रयागराज रामबाग खंड में लेबल-क्रासिंग 36 सी पर किमी 259/5-6, एल.सी 37ए/सी पर किमी 263/0-1, एल.सी 42बी/सी पर किमी 269/6-7, एल. सी 49C पर किमी 287/2-3, भटनी-गोरखपुर खंड में लेबल-क्रासिंग 139/एसपीएल पर किमी-470/15-470/17, एल.सी 129/एसपीएल पर किमी 455/3-455/5, एल.सी 126/सी पर किमी 449/11-449/13, एल.सी 117बी/2 पर किमी 435/25-435/27 और बनारस-प्रयागराज रामबाग खंड में लेबल-क्रासिंग 17सी पर किमी-232/143, एल.सी 18सी पर किमी-233/758 एम, एल.सी 26सी पर किमी 246/918 एम, एल.सी 35सी किमी 257/5-6 पर सिमित ऊँचाई वाले सबवे (एल.एच.एस.डब्ल्यू) के प्रावधान के लिए 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: ETender-GSU-TRD-L01-24-25, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में : ₹1,10,56,735.99, धरोहर राशि रूपया में: ₹2,05,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में : शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 30.05.2024 up to 15:00 Hrs, कार्य पूरा करने की अवधि 08 माह।

खुली ई-निविदा दिनांक 30.05.2024 को 15:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति-शक्ति**
**मुजाधि/विद्युत-30 वाराणसी**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्रीपाल पुत्र मलखान निवासी ग्राम कुलेसरा, थाना ईकोटेक 3, जिला गौतमबुद्ध नगर का रहने वाला शान्तिप्रिय व्यक्ति है प्रार्थी का पुत्र टिंकू कुमार व उसकी पत्नी नीतू आये दिन प्रार्थी व प्रार्थी की पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार करते है और प्रार्थी के कहे अनुसार नहीं चलते है और प्रार्थी से अभद्र भाषा का प्रयोग करते है एवं अमानवीय व्यवहार करते है। प्रार्थी ने अपने पुत्र टिंकू कुमार व उसकी पत्नी नीतू को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन टिंकू कुमार व उसकी पत्नी नीतू समझने को तैयार नहीं है। टिंकू कुमार व उसकी पत्नी नीतू के इन कृत्यों से दुखी होकर प्रार्थी अपने पुत्र टिंकू कुमार व उसकी पत्नी नीतू से सम्बन्ध विच्छेद करते है तथा टिंकू कुमार व उसकी पत्नी नीतू को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। टिंकू कुमार व उसकी पत्नी नीतू के किसी कृत्य के लिए प्रार्थी या प्रार्थी का परिवार जिम्मेदार नहीं होगा और उसके किसी लेन देने, चाल चलन या किसी अपकृत्य के लिए प्रार्थी या प्रार्थी के परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

दिनांक: 08.05.2024

**प्रार्थी**
**श्रीपाल पुत्र मलखान**
**निवासी ग्राम कुलेसरा,**
**थाना ईकोटेक-3,**
**जिला-गौतमबुद्ध नगर**
**मो0नं0-8745040686**


## पृष्ठ एक के शेष....

**'मोदी के जिंदा...**

नहीं कर सकती। इसलिए, वो चुनाव में झूठ की फैक्ट्री खोलकर बैठ गए हैं, झूठ फैलाकर वोट लेना चाहते हैं. कभी आरक्षण को लेकर झूठ, कभी संविधान को लेकर झूठ. कोई गरीब कुपोषण का शिकार न हो, हमने इसकी भी चिंता की। आज नंदुरबार के 12 लाख से ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है. एक तरफ भाजपा के प्रयास हैं और दूसरी तरफ कांग्रेस है. कांग्रेस ने आदिवासी भाई-बहनों की कभी परवाह नहीं की। आदिवासी इलाकों में सिकल सेल एनीमिया एक बड़ा खतरा रहा है, लेकिन कांग्रेस ने इस बीमारी की तरफ उतना ध्यान ही नहीं दिया।

**श्रद्धालुओं के लिए...**

जयकारों से धाम गूंज उठा। केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी। आज विधि-विधान से सुबह सात बजे केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुल गए। इस दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। हजारों श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ पहुंची है। वहीं यमुनोत्री के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं।

केदारनाथ धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी अपनी पत्नी संग मौजूद रहे और बाबा केदार का आशीर्वाद लिया। केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह मुहूर्त में श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। सेना के बैंड की धुनों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ के जयकारे लगाये।

**टाटा स्टील के बिजनेस...**

10 मई को गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद क्षेत्र में पुलिस और दो बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ की सूचना मिली। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी और एक सब इंस्पेक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद घायल सब इंस्पेक्टर और आरोपी को उसी समय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं एक बाइक सवार बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। इलाज के लिए भर्ती आरोपी की मौत हो गई है। जानकारी करने पर पता चला कि उसका नाम अक्की उर्फ दक्ष निवासी दिल्ली सीलमपुर के रूप में हुई है। यह आरोपी 4 मई 2024 को थाना शालीमार गार्डन इलाके में हुई लूट और हत्या की घटना में वांछित था। इसके कब्जे से टाटा स्टील के बिजनेस हेड से लूटा हुआ मोबाइल फोन और एक अवैध असलहा बरामद हुआ है।

मुठभेड़ की जानकारी देते हुए गाजियाबाद पुलिस ने बताया कि चेकिंग के दौरान जब पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों को रोका तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। आरोपी दक्ष दिल्ली के सीलमपुर का रहने वाला था। शुक्रवार तड़के साहिबाबाद इलाके में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में बदमाश दक्ष मारा गया। आरोपी का एक साथी मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। मुठभेड़ के दौरान एक सब-इंस्पेक्टर भी घायल हो गया है। घायल सब इंस्पेक्टर को अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

**बेलगाम कार चालक...**

भागने का प्रयास करने लगा। राहगीरों ने उसे पकड़ लिया तथा सेक्टर-63 थाने ले गई। जिसमें उसकी कार तथा दोनों स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे एक स्कूटी चालक को गंभीर चोट आई तथा बाकी लोग बाल-बाल बचे। खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले को निबटाने का प्रयास कर रही थी।

**सैम पित्रोदा के बाद...**

पाकिस्तान के साथ बातचीत करने का समर्थन किया और सरकार से अपील करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक संप्रभु देश है और उनकी भी इज्जत है, उस इज्जत को कायम रखते हुए आप उनसे जो भी बात करना चाहते हैं करें, लेकिन बात तो करें। बंदूक लेकर आप घूम रहे हैं और उससे तनाव बढ़ रहा है। अय्यर ने कहा कि अगर वहां कोई पागल सत्ता पर काबिज हो जाए तो क्या होगा, उनके पास परमाणु बम है। हमारे पास भी है, लेकिन अगर लाहौर स्टेशन पर बम फूटा तो सिर्फ 8 सेकेंड में बम का रेडिएशन अमृतसर पहुंच जाएगा। ऐसे में हमें कोशिश करनी चाहिए कि बातचीत करके बमों का इस्तेमाल रोका जाए। अगर आपने उनसे बात करने की कोशिश की और उन्हें इज्जत दी, तभी वे अपने बम के बारे में नहीं सोचेंगे। भारत को अगर विश्वगुरु बनना है तो ये दिखाना जरूरी है कि हम पाकिस्तान के साथ अपने मुद्दे सुलझाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। इसके लिए हमें बात करनी होगी और पिछले 10 वर्षों में कोई बात नहीं हुई है।

मणिशंकर अय्यर पहले भी पाकिस्तान के प्रति अपना प्यार दिखा चुके हैं। बीते दिनों मणिशंकर अय्यर लाहौर के फैज महोत्सव में शामिल होने पाकिस्तान गए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'पाकिस्तान के लोग प्यार मिलने पर प्यार बरसाते हैं। मैं अब तक जिस भी देश में गया, वहां इतने खुले दिन से स्वागत नहीं किया गया, जितना पाकिस्तान में हुआ। मेरे अनुभव से पाकिस्तान के लोग ऐसे हैं जो दूसरे पक्ष पर जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया करते हैं। अगर हम दोस्ती दिखाते हैं तो पाकिस्तानी उससे ज्यादा दोस्ती दिखाते हैं। अगर हम दुश्मनी दिखाते हैं तो वे भी ज्यादा दुश्मनी दिखाते हैं।'







### दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### श्रीराम की पूजा करना गर्व की बात, केरल राज्यपाल आरिफ खान ने अयोध्या में शीश नवाया

अयोध्या, एजेंसी। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को अयोध्या के राम मंदिर में गए और वहां भगवान राम के समक्ष शीश नवाया और प्रार्थना की। 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश स्थित मंदिर में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ था। उस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत देश-दुनिया के हजारों गणमान्य मौजूद रहे थे। बुधवार दोपहर अयोध्या पहुंचे खान ने राम जन्मभूमि पर बने राम मंदिर में गए और विशेष प्रार्थना की तथा भगवान राम के सामने शीश नवाया। खान ने कहा, मैं जनवरी में दो बार अयोध्या आ चुका हूं। जो भावना उस समय थी, वही आज भी है। मैं कई बार अयोध्या आ चुका हूं। यह हमारे लिए सिर्फ खुशी की बात नहीं है, बल्कि अयोध्या आना और श्रीराम की पूजा करना गर्व की बात है। केरल राज्यपाल के आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया गया है जिसमें खान जय श्री राम के उद्घोष के बीच मंदिर के अंदर भगवान की प्रतिमा के सामने शीश नवाते और प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। इस अवसर पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय तथा ट्रस्ट के सदस्य डा. अनिल मिश्रा भी उपस्थित थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के बाद यदि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस की सरकार बनी तो अयोध्या के राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा दिया जाएगा। शाह ने खीरी सीट से भाजपा उम्मीदवार अजय मिश्रा टेनी के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव के एक बयान का जिक्र किया और कहा, रामगोपाल यादव राम मंदिर को बेकार बताते हैं। मेरी बात याद रखना। जरा भी गलती की तो ये लोग राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देंगे।

### बच्चों को मौत की नींद सुलाकर मां ने छत से लगा ली छलांग

नासिक, एजेंसी। महाराष्ट्र के नासिक में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मां ने अपने दो मासूम बच्चों को जहर देकर घर पर मौत की सुलाया और फिर अपार्टमेंट की छत पर जाकर छलांग लगा ली। इस घटना में 8 और 2 साल के दो मासूम बच्चों के अलावा महिला की भी मौत हो गई है। पुलिस को छानबीन के दौरान महिला के घर से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस को यह भी पता लगा है कि महिला ने मरने से पहले इसका दोष अपने पति पर मढ़ा है। पति के नाम एक वीडियो मैसेज छोड़कर महिला ने इस खौफनाक हत्या और फिर आत्महत्या को अंजाम दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नासिक शहर में बुधवार को एक 30 वर्षीय महिला की आत्महत्या से मौत हो गई, जबकि उसके दो बच्चे घर पर मृत पाए गए। पुलिस को संदेह है कि महिला अश्विनी निकुंभ ने अपनी जान लेने से पहले अपने बच्चों आराध्या (8) और अगस्त्य (2) को जहर देकर मार दिया था। महिला ने अपने पति को एक वीडियो मैसेज भी छोड़ा था। घटना के मुताबिक, सुबह करीब 7 बजे अश्विनी ने शहर के कोणार्क नगर इलाके में हरि वंदन अपार्टमेंट की छत से छलांग लगाकर जान दे दी। अपार्टमेंट के अन्य लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि उसके दो बच्चों को घर में मरे पड़े हैं। घटना के दौरान बच्चों का पिता शहर से बाहर गया था। पुलिस को घर से एक नोट बरामद हुआ है, जो कथित तौर पर अश्विनी द्वारा लिखा गया है। नोट में उसने अपने पति स्वप्निल पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। एक अधिकारी ने कहा कि खुद को मारने से पहले, महिला ने एक वीडियो बनाया। जिसे उसने न सिर्फ अपने पति बल्कि अन्य रिश्तेदारों को भी भेजा था। पुलिस मामले में अधिक जानकारी के लिए स्वप्निल से भी पूछताछ करेगी। फिलहाल वह काम के सिलसिले में पुणे गया था।

### तेलंगाना में इनवेस्ट करना चाहते थे एलन मस्क, पीएम मोदी और शाह ने रोका- मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी

हैदराबाद, एजेंसी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बड़ा दावा किया है कि एलन मस्क की कंपनी टेस्ला तेलंगाना में निवेश करना चाहती थी लेकिन, पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें ऐसा करने से रोका। रेड्डी ने कहा कि शाह और मोदी ने मस्क की कंपनी को गुजरात में इनवेस्ट करने का दबाव डाला। इंडिया टुडे टीवी को दिए इंटरव्यू में कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि फॉक्सकॉन और टेस्ला को तेलंगाना छोड़ने के लिए केंद्र की तरफ से दबाव डाला गया था। रेड्डी ने सवाल किया कि क्या तेलंगाना भारत का हिस्सा नहीं है? वे (टेस्ला) तेलंगाना में निवेश करना चाहते थे, लेकिन ऐसा होने नहीं दिया। हम जानते हैं कि कंपनी से कैसे बात करनी है। मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा हूं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ हमला बोलते हुए रेड्डी ने कहा, पीएम मोदी और अमित शाह सोचते हैं कि केवल गुजरात ही भारत है। ऐसा नहीं है। अन्य राज्य भी हैं। उनके पास भी अधिकार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेस्ला भारत में अपनी फैक्ट्री लगाने के लिए जगह तलाश रही है। महाराष्ट्र और गुजरात ने फैक्ट्री बनाने के लिए टेस्ला को जमीन की पेशकश भी की है। गौरतलब है कि एलन मस्क की कंपनी टेस्ला कुछ समय से भारतीय बाजार में कदम रखने की कोशिश कर रही है और एक साल से सरकार के संपर्क में है। रेड्डी ने आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा लगातार दक्षिणी राज्यों की उपेक्षा की जाती है।

# 3 बड़ी वजह से आकाश आनंद का मायावती ने छीना पद



लखनउ, एजेंसी। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को क्यों हटाया? यह ऐसा सवाल है जो सियासी गलियारे में खासतौर पर बसपा काडर के लिए हैरानी का सबब बना हुआ है। राजनीति के जानकार इसे मायावती की सधी हुई सियासी चाल तो करार दे ही रहे हैं, उनका मानना है कि आकाश का बढ़ता कद, परिवारवाद के आरोप और विपक्ष या यूं कहें भाजपा पर ज्यादा हमलावर होना ही उन पर कार्रवाई का असली सबब बना।

**परिवारवाद के आरोपों से बचने को उठाया कदम :** मायावती ने आकाश आनंद पर कार्रवाई कर अपने काडर को नया संदेश दिया है। दरअसल, मायावती हमेशा कहती रही हैं कि बसपा काडर आधारित पार्टी है और बहुजन हित उनका सर्वोपरि मिशन है। साथ ही वह विपक्षी दलों पर परिवारवाद को लेकर भी हमलावर रही हैं। पार्टी के पुराने निष्ठावान इसे मायावती का बसपा में परिवारवाद न पनपने देने और इसे लेकर विरोधी दलों के आरोपों से बचने की कवायद मान रहे हैं। दरअसल, वह ऐसा कर अपने काडर को संदेश देना चाहती हैं कि पार्टी कांशीराम और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के सिद्धांतों पर ही चल रही है न कि अन्य दलों जैसी परिवार को बढ़ाने की मंशा पर।

**भाजपा पर कड़ुवे बोल बने हटने का सबब :** कभी बसपा में कोआर्डिनेटर रहे अब भाजपा नेता गंगाराम आंबेडकर कहते हैं: 'मायावती बहुजन समाज के दबाव में यह फैसला करने पर मजबूर हुई हैं। करीब छह वर्ष पहले मायावती ने बुलंदशहर के रहने वाले जाटव समाज के जय प्रकाश सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया था। उन्होंने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के विदेशी होने पर तीखी प्रतिकूल टिप्पणी कर दी थी। इसके चलते मायावती ने जय प्रकाश को अगले ही दिन सभी पदों से हटा दिया था। आकाश द्वारा लगातार भाजपा सरकार पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के चलते सोशल मीडिया पर बहुजन समाज सवाल उठा रहा था कि क्या मायावती अब भतीजे को भी हटाएंगी। इसी आरोपों से बचने के लिए उन्होंने यह फैसला किया है।'

**आकाश का बढ़ता कद माया की छवि पर आंच :** मायावती अक्सर सत्ता की चाभी अपने हाथ में रखने की बात करती रही हैं। साथ ही मीडिया के सामने वह अपनी शर्तों पर बोलती हैं। आकाश लगातार राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर टीवी चैनलों को इंटरव्यू दे रहे थे। इससे उनकी छवि निखर रही थी। इसे लेकर भी बसपा नेतृत्व नाराज़ था। पूर्व आईजी अरुण कुमार गुप्ता कहते हैं: 'आकाश के चलते काडर सक्रिय हो रहा था। उनके सुशिक्षित होने का भी बहुजन समाज के युवाओं पर असर पड़ना लाजिमी था। ऐसे में बसपा नेतृत्व को यह भय सताना लाजिमी है कि क्या आकाश का बढ़ता कद मायावती की छवि पर छाया डाल सकता है?

इसमें कोई संदेह नहीं कि मायावती आकाश आनंद को फिर उत्ताधिकारी बना दें लेकिन फिलवक्त बहुजन समाज में यह सवाल तो उठ ही रहा था कि आकाश ही पार्टी के सर्वेसर्वा हो गए हैं? इस आशंका पर पूर्ण विराम लगे इसीलिए बसपा को यह फैसला करना पड़ा। वर्ष 2022 में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को लेकर भी टीएमसी के पुराने नेताओं में कुछ इसी तरह की आशंकाओं ने जन्म लिया था। नतीजतन, अभिषेक बनर्जी को भी ममता ने महासचिव पद से हटा दिया था।

### खतरनाक कोरोना वैक्सीन लगी है वो कैसे वापस आएगी : अखिलेश

लखनउ, एजेंसी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कोरोना वैक्सीन मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी को घेरा। उन्होंने गुरुवार को एक्स पोस्ट कर कहा कि देश-दुनिया भर की मार्केट से वैक्सीन वापस मंगाई जा रही है। एस्ट्राजेनेका ने बाज़ार से वैक्सीन वापस मंगवा ली है। अखिलेश ने कहा कि जो खतरनाक वैक्सीन लगी है वो कैसे वापस आएगी। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन बनानेवाली कंपनी तो अतिरिक्त आपूर्ति का बहाना बनाकर अपनी जानलेवा वैक्सीन बाजार से वापिस ले रही है। नाराज जनता भाजपा सरकार से पूछ रही है कि जिनके शरीर में ये खतरनाक वैक्सीन पहुंच चुकी है, उनके अंदर से वापस कैसे आएगी? उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि करोड़ों के चंदे के लालच में भाजपा ने करोड़ों की जान ख़तरे में डाल दी है। भाजपा अपने ही देश के लोगों का जीवन दांव पर लगाकर 'जन-द्रोही' पार्टी बन गयी है। कोरोना वैक्सीन को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव बीजेपी पर हमलावर हैं। शुक्रवार को मैनपुरी और कन्नौज में अखिलेश यादव भाजपा पर भी हमला बोला था। अखिलेश ने कहा था कि ब्रह्मांड के सबसे झूठे लोगों से संविधान बचाना है। ये अब जान के पीछे भी पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगवाने वालों की जान को खतरा है, इसलिए सरकार को कोरोना वैक्सीन लगवा चुके गरीबों की फ्री में जांच कराए।

### कांग्रेस ने धर्मशाला से पूर्व महापौर देविंदर सिंह जग्गी को दिया टिकट, भाजपा के सुधीर शर्मा को देंगे टक्कर

धर्मशाला, एजेंसी। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की धर्मशाला विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पूर्व महापौर देविंदर सिंह जग्गी को



टिकट दिया है। बुधवार रात एक बयान जारी करते हुए पार्टी ने जग्गी की उम्मीदवारी की घोषणा की। अब वे इस सीट पर पूर्व मंत्री और कांग्रेस के बागी सुधीर शर्मा का मुकाबला करेंगे। उनके नाम पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अंतिम सहमति दी। जग्गी को विधानसभा का टिकट मिलने पर उन्हें बधाई देते हुए राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लिखा, हिमाचल प्रदेश उपचुनाव में धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से देवेंद्र सिंह जग्गी जी को कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किये जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं। देवभूमि की जनता-जनार्दन इस उपचुनाव में प्रदेश के साथ समूचे देश को यह संदेश दे देगी कि जनबल के आगे धनबल कभी टिक नहीं सकता। जग्गी के नाम की घोषणा के साथ ही कांग्रेस की तरफ से राज्य की उन सभी छह विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम की घोषणा पूरी हो गई, जहां पर उपचुनाव होने हैं। इन सीटों के सभी छह कांग्रेस विधायकों को पार्टी व्हिप का उल्लंघन करते हुए विधानसभा में उपस्थित ना रहने और बजट व कटौती प्रस्ताव पर सरकार के पक्ष में वोट ना डालने के लिए अयोग्य घोषित किया गया था।

कांग्रेस के छह बागी विधायकों रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति), इंदर दत्त लखनपाल (बड़सर), राजिन्दर राणा (सुजानपुर), सुधीर शर्मा (धर्मशाला), चेतन्य शर्मा (गगरेट) और देविन्दर कुमार भुट्टो (कुटलेहर) ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था और बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। जिसके बाद अब पार्टी ने उपचुनाव के लिए कांग्रेस के इन सभी छह बागियों को इन्हीं सीटों से अपना उम्मीदवार बनाया है।

कांग्रेस ने इन छह उपचुनावों के लिए जिला परिषद अध्यक्ष अनुराधा राणा को लाहौल और स्पिति सीट से, सुभाष चंद को बड़सर से, भाजपा छोड़ने वाले कैप्टन रणजीत सिंह और राकेश कालिया को सुजानगढ़ और गगरेट से टिकट दिया है। पार्टी ने कुटलेहर सीट से हिमाचल विधानसभा के डिप्टी स्पीकर और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामनाथ शर्मा के बेटे विवेक शर्मा को टिकट दिया है।

### औवेसी सीधे तौर पर बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रहे- प्रियंका गांधी

रायबरेली, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के रायबरेली में प्रेस से बात करते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा मैं आपको बार-बार बता रही हूं। असदुद्दीन औवेसी सीधे तौर पर बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जहां भी भाजपा को अन्य दलों को पीछे धकेलने के लिए किसी को मैदान में उतारने की जरूरत है, वह ऐसा कर रहे हैं। तेलंगाना चुनाव में ये बात बिल्कुल साफ हो गई है। भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह को कैसरगंज सीट से टिकट मिलने पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, ये दिखाता है कि भाजपा की सरकार और उनके नेता महिलाओं के पक्ष में कभी खड़े नहीं हो सकते क्योंकि जब वो महिला ओलंपिक मेडल लेकर आई तब तो प्रधानमंत्री मोदी ने उनको घर बुलाकर उनके साथ चाय पी और फोटो खिंचवाई। जब उसी महिला ने आंदोलन किया और कहा कि मेरे साथ अत्याचार हुआ है तो किसी ने उसको पूछ तक नहीं। आज ये परिस्थिति है कि उनके बेटे को चुनाव में टिकट मिल गया है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, जो उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी ने नाम (अडानी अंबानी का नाम) लेना बंद कर दिया ये सही नहीं है, राहुल गांधी रोज रोज इस मुद्दे पर बात कर रहे हैं।

## पराली जलाने वाले किसानों के लिए बुरी खबर, इस साल से न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ देने से वंचित करने के लिए राज्य की सरकारों को लिखा पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा साल 2023 में सुनाए गए एक फैसले का हवाला देते हुए केंद्र सरकार ने खेतों में पराली जलाने वाले किसानों को इस साल से न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ देने से वंचित करने के लिए राज्य की सरकारों को पत्र लिखा है। केंद्र ने जिन राज्यों को यह चिट्ठी लिखी है उनमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान शामिल है। केंद्र ने इन राज्यों को मुख्य सचिवों को इसे लागू करते हुए जल्द ही स्टेटस रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। इकोनॉमिक टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है। आपको बता दें कि पराली जलाने वाले किसानों को खिलाफ फाइन और सजा के प्रावधान सियासी तौर पर काफी जटिल हैं। सरकारें अपनी सियासी हितों को ध्यान में रखते हुए पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ कार्रवाई से परहेज करती रही है। बीते 10 अप्रैल को सचिवों की समिति की एक बैठक हुई। इस बैठक में केंद्र सरकार ने पराली के खिलाफ



कार्रवाई को लेकर कार्ययोजना तैयार की। इसरो प्रोटोकॉल के तहत पराली जलाने वाले किसानों को एमएसपी से प्रतिबंधित किए जाने का फैसला किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस नियम को लागू करने की योजना सरकार के द्वारा तैयार किया गया है। एनएसआरसी और इसरो को ऐसे खेतों की मैपिंग की जिम्मेदारी दी गई है जिन खेतों में पराली जलाए जाते हैं। इसके लिए एक प्रोटोकॉल तैयार किया गया है। सरकार के नए आंकड़ों के मुताबिक, पंजाब में सबसे अधिक धान की खेती होती है। इस साल इसके 31.54 लाख हेक्टेयर तक बढ़ने की संभावना है। पिछले साल की तुलना में यह काफी अधिक है। पंजाब के बाद हरियाणा का नंबर आता है। यहां इस साल 15.73 हेक्टेयर में धान की खेती होने की संभावना है। आपको बता दें कि सबसे अधिक पंजाब में पराली जलाने की घटना होती है। इसके बाद हरियाणा का नंबर आता है। एनजीटी ने पंजाब से पूछे सवाल हाल ही में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पंजाब सरकार को यह बताने का निर्देश दिया है कि वह चालू वर्ष में पराली जलाने की घटनाओं को कम करने के अपने लक्ष्य को कैसे हासिल करेगी। एनजीटी पंजाब में पराली जलाने के मामले पर सुनवाई कर रहा था जिससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और आसपास के इलाकों में सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ जाती है। इस साल जनवरी में अधिकरण ने पंजाब को गंभीर मुद्दे से निपटने के लिए संशोधित नयी कार्य योजना दाखिल करने का निर्देश दिया था।

## राजस्थान में झुलसा देने वाली गर्मी, 46 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान, भीषण लू का यलो अलर्ट

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में झुलसा देने वाली भीषण गर्मी पड़ रही है। राजस्थान के बाड़मेर में बुधवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले यानी मंगलवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जयपुर में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने राजस्थान में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिनों में राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में तापमान और बढ़ेगा। खासकर जयपुर, जोधपुर और भरतपुर संभाग में भीषण गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान जयपुर, जोधपुर और भरतपुर संभाग में तापमान और बढ़ सकता है। तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। जयपुर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर समेत कुछ जिलों में तापमान पहले ही 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। बाड़मेर में बुधवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बाड़मेर में 7 मई को सबसे ज्यादा 44.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड



किया गया था। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, जालौर में अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री, फलोदी में 45.4 डिग्री, जैसलमेर और गंगानगर में 45.2 डिग्री, जोधपुर में 45.0 डिग्री, कोटा और बीकानेर में 44.6 डिग्री, वनस्थली में 44.1 डिग्री, संगरिया में 44.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सूबे में सबसे कम तापमान माउंट आबू के पहाड़ी इलाकों में 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आलम यह है कि सूबे के कई हिस्सों में भीषण लू चल रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। लोग अपने घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी राजस्थान में तापमान के और बढ़ने की आशंका जताई है। हालांकि 10 मई के बाद कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजस्थान में अगले 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। 9 मई को जोधपुर, बीकानेर संभाग में भीषण लू की स्थितियां रहेंगी। जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में भी लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

## हिंदुओं की घटती आबादी कांग्रेस की तुष्टीकरण का नतीजा : गिरिराज सिंह

बेगूसराय, एजेंसी। बीजेपी के वरिष्ठ नेता व बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने भारत में घटती हिंदुओं की आबादी को लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस की तुष्टीकरण का नतीजा है।



उन्होंने कहा, 1947 में हिंदुओं की आबादी 88 फीसद और मुस्लिमों की 8 फीसद थी। आज हिंदुओं की आबादी जहां 70 फीसद के आसपास पहुंच चुकी है। वहीं मुस्लिमों की आबादी 7 फीसद से बढ़कर 12 फीसद के आसपास पहुंच चुकी है, लेकिन मैं कहता हूं कि यह 12 नहीं, बल्कि 20 फीसद के आसपास पहुंच चुकी है। यह हम सभी के लिए चिंता का विषय है। अगर समय रहते इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया, तो आगामी दिनों में हम सभी को इसके दुष्परिणाम से गुजरना होगा। बीजेपी नेता ने आगे कहा, इन कांग्रेसियों ने देश को धर्मशाला बनाकर रख दिया है, जहां कोई भी आकर रह रहा है। इस प्रवृत्ति पर रोक लगनी चाहिए। 1971 में बांग्लादेशी घुसपैठ आए, उस समय एक तरह से चारागाह बना लिया। कांग्रेसियों ने बिहार को रोहिंग्या मुस्लिमों का सबसे सुरक्षित ठिकाना बनाकर रख दिया। कांग्रेस ने इन सभी लोगों को अपने वोट बैंक के लिए पनाह दिया। गिरिराज ने कहा, अब कुछ लोग मुस्लिमों को आरक्षण देने की भी वकालत कर रहे हैं। कह रहे हैं कि हम सत्ता में आने पर मुस्लिमों को आरक्षण देने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। अगर ऐसा हुआ, तो आगामी दिनों में हिंदुओं के लिए स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो सकती है। उन्होंने कहा, मुस्लिमों की आबादी में तेजी इस बात का संकेत है कि ये लोग भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने की कवायद में जुट चुके हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी किए एक अध्ययन रिपोर्ट में यह बताया गया है कि भारत में वर्ष 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 प्रतिशत कम हो गई है। जबकि इन्हीं वर्षों के दौरान देश में मुस्लिमों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 1951 में हुई जनगणना के अनुसार, भारत में हिंदुओं की आबादी 84.68 प्रतिशत थी जो वर्ष 2015 में घटकर 78.06 प्रतिशत पर आ गई। यानी इस दौरान देश में हिंदुओं की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। जबकि 1951 की जनगणना के अनुसार, देश में मुस्लिम आबादी 9.84 प्रतिशत थी जो 2015 में बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गई यानी 1950 से 2015 के बीच देश में मुस्लिमों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हुई।

## वोट दो और फ्री में पोहा-जलेबी खाओ, मूवी टिकट ले जाओ; इन शहरों में बंपर ऑफर

नईदिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तीन चरणों का मतदान हो चुका है। अब चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच बंपर मतदान अभी भी चुनाव आयोग के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। तीसरे चरण में करीब 65 फीसदी मतदान हुआ था। मतदाताओं को रिझाने के लिए अब चुनाव आयोग ही नहीं व्यापारियों और जिला प्रशासनों ने भी नई मुहिम शुरू की है। लोगों को मतदान करने पर फ्री में पोहा-जलेबी और मूवी टिकट पर बंपर डिस्काउंड दिया जा रहा है। कई शहरों में मेट्रो ट्रेन में यात्रा पर भारी छूट के अलावा कई ऑफर दिए जा रहे हैं।

पहले तीन चरणों के मतदान के बाद अब 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को अगले चरणों के लिए वोटिंग की जाएगी। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, तीन चरणों में उम्मीद के मुताबिक मतदान नहीं हुआ। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत, दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान और तीसरे चरण में यह आंकड़ा 65.68 प्रतिशत तक ही पहुंच पाया। तमाम राजनीतिक दलों, नेताओं और आइकन्स द्वारा अपील किए जाने के बावजूद लोगों में मतदान के प्रति सुस्त रवैया बरकरार है। ऐसे में निर्वाचन आयोग, जिला प्रशासन के साथ स्थानीय व्यापारियों ने भी लोगों को जागरुक करने के लिए लुभावने ऑफर निकाले हैं। दिल्ली में सवैतनिक अवकाश राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में





मतदान के दिन निर्वाचन आयोग ने ऐसी तैयारी की है कि कोई कर्मचारी वोटिंग न टाले। यहां 25 मई को छठे चरण में मतदान होना है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने लोगों को मतदान करने का समय देने के लिए शहर में सवैतनिक अवकाश की घोषणा की है। आदेश के अनुसार, दिल्ली के सभी पात्र कर्मचारी, चाहे वे सरकारी हों या प्राइवेट, उन्हें वोट देने के लिए सवैतनिक अवकाश मिलेगा। मुंबई में मेट्रो ट्रेन पर खास ऑफर 20 मई को मुंबई की कई लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास में मेट्रो प्रशासन ने कुछ रूट्स के यात्रियों को मतदान के दिन यात्रा करने पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट का ऑफर दिया है। फ्री में खाओ पोहा-जलेबी मध्य प्रदेश के इंदौर में 13 मई को मतदान होना है। यहां बस ऑपरेटरों ने मतदान करने वालों के लिए तीन दिनों तक फ्री में यात्रा का वादा किया है। इसके अलावा मतदान केंद्रों पर टी-शर्ट और टोपी के लिए लकी ड्रा भी निकाला जा रहा है। इंदौर में व्यापारी संघों ने घोषणा की है कि वह स्याही लगी उंगली दिखाने पर मतदाताओं को पोहा और जलेबी का मुफ्त नाश्ता देंगे। गुरूग्राम में मूवी टिकट पर भारी छूट 25 मई को गुरुग्राम में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। ऐसे में गुरुग्राम जिला प्रशासन ने मल्टीप्लेक्स के साथ मिलकर लोगों के लिए विशेष ऑफर निकाला है।

आईपीएल : 12वां दौर


# बॉलिंग में मचेगा कोहराम या बैटिंग में आएगा तूफान

**नई दिल्ली।** चोटों और अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताओं के कारण प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर होने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेऑफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है। दीपक चाहर और मथीषा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं, जबकि मुस्ताफिजुर रहमान बांग्लादेश के लिए खेलने चले गए हैं। अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा। चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होगी।

## संभावित टीमें

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरावेली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, निशांत सिंधु, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्ष्णा और समीर रिजवी।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, ए. उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार।



गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में नराइजर्स हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। अभी तक जिन तीन टीमों के 12 अंक हैं, उनमें चेन्नई (प्लस 0.700) का रन रेट सबसे अच्छा है। गुजरात के 14 अंक हैं और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं है लेकिन शुभमन गिल की टीम के लिए आगे का सफर काफी कठिन है। पिछले पांच मैचों में सिर्फ एक जीत दर्ज कर सकी टीम का मनोबल गिरा है। मोहम्मद शमी की गैर मौजूदगी में गेंदबाजी में धार नजर नहीं आ रही। वहीं गिल खुद पिछले पांच में से तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके और उनका सर्वोच्च स्कोर 35 रहा है। साई सुदर्शन, शाहरुख खान और डेविड मिलर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गेंदबाजों में मोहित शर्मा और जोश लिटिल महंगे साबित हुए हैं। नई गेंद के गेंदबाजों से मदद नहीं मिलने से अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान और नूर अहमद भी उतने प्रभावी नहीं रहे। दूसरी ओर चेन्नई के रितुराज गायकवाड़ ने मोर्चे से कप्तानी की है। उन्होंने 11 मैचों में 541 रन बनाये और आरेंज कैप की दौड़ में विराट कोहली से एक ही रन पीछे हैं। पंजाब के खिलाफ इंपैक्ट खिलाड़ी रहे सिमरजीत सिंह ने 140 की रफ्तार से गेंदबाजी करके तीन ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिए।

# डायमंड लीग से ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज

## किशोर जेना करेंगे डेब्यू



**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिए पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे। मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैम्पियन भारत के भाला फेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87.54 मीटर है, जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। यूरोपीय चैम्पियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो लीग में उतरेंगे। इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा। चोपड़ा यहां गत चैम्पियन भी हैं, जिन्होंने 2023 में वालेश और पीटर्स को हराया था। चोपड़ा ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'सफलता टीमवर्क पर निर्भर करती है। मेरे कोच और फिजियो का अपार योगदान है। कोच मेरी तकनीक की समीक्षा करते हैं और बताते हैं कि मेरे अनुकूल क्या होगा। हमारे पास स्ट्रेंथ ट्रेनिंग विशेषज्ञ भी है।'

पीटर्स ने 2022 में यहां 93.07 का थ्रो फेंका था। वहीं तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता वालेश 2023 डायमंड लीग चैम्पियन है और यहीं पर 2022 में उन्होंने 90.88 मीटर का थ्रो फेंका था। चोपड़ा ने डायमंड लीग के तीन अलग-अलग चरण जीते हैं और 2022 में चैम्पियंस ट्रॉफी हासिल की थी। इसके बाद चोपड़ा तीन साल में पहली बार भारत में खेलेंगे। वह 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में राष्ट्रीय फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। जेना भी इसमें हिस्सा लेंगे। पुरुषों के क्वालीफाइंग दौर के भालाफेंक मुकाबले 14 मई को और फाइनल 15 मई को होगा।

# युवराज सिंह ने विराट कोहली को बताया तीनों फॉर्मेट का बेस्ट बैटर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह का मानना है कि विराट कोहली इस पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं और तीनों फॉर्मेट में वह बेस्ट हैं। उन्होंने कहा कि कोहली दूसरा वर्ल्ड कप मेडल जीतने का हकदार है। युवराज सिंह ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए उन्हें मौजूदा दौर का सबसे बेहतरीन बल्लेबाज कहा है। पिछले साल आईसीसी मेन्स वनडे विश्व कप में विराट कोहली ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। विराट कोहली जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में हैं और वह छठी बार ये टूर्नामेंट खेलने उतरेंगे। 2011 में वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे विराट कोहली को लंबे समय से ट्रॉफी का इंतजार है और युवराज सिंह का मानना है कि वह इसके हकदार हैं। युवराज सिंह ने कहा कि यह स्टार बल्लेबाज किसी और से भी ज्यादा विश्व कप पदक जीतने का हकदार है।



# मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बनी

**मुंबई।** आईपीएल 2024 का 57वां मैच खत्म होने के साथ ही सीजन में प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम सामने आ गई। हैदराबाद के जीतते ही मुंबई इंडियंस सीजन में एलिमिनेट होने वाली पहली टीम बन गई। मुंबई इंडियंस ने इस सीजन के लिए टीम में बड़े बदलाव किए थे। रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तानी सौंपी गई थी लेकिन टीम पहले 12 मैचों में सिर्फ 4 ही जीत पाई। अब मुंबई के दो मुकाबले शेष बचे हैं, इन्हें जीतकर वह इज्जत से विदा होना चाहेगी। सीजन से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस अभी भी कोलकाता और लखनऊ की पार्टी खराब कर सकती है। कोलकाता को टॉप 2 में बने रहने के लिए आगामी मुकाबले जीतने जरूरी हैं। लेकिन लखनऊ के लिए प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए जीतना जरूरी है। क्योंकि मुंबई बाहर हो चुकी है तो ऐसे में वह घायल शेर की तरह कोलकाता और लखनऊ पर टूट सकती है।



### मुंबई के सामने एक समस्या

क्योंकि टी20 विश्व कप 2024 सामने हैं तो ऐसे में माना जा सकता है कि इसकी तैयारी के लिए मुंबई इंडियंस के बड़े स्टार जैसे रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह टीम से आखिरी दो मैचों से हट सकते हैं। बड़े नामों के हटने से मुंबई के लिए समस्या खड़ी हो सकती है। बुमराह इस समय पर्पल कैप होल्डर है। ऐसे में खिलाड़ी विश्व कप को देखकर क्या फैसले लेते हैं, इस पर भी सबकी नजरें रहेंगी।

# केएल राहुल पर भड़के लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक

**लखनऊ।** सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों आईपीएल 2024 के एक महत्वपूर्ण मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स की सबसे बड़ी हार के बाद आईपीएल फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका को कप्तान केएल राहुल के साथ बातचीत करते देखा गया है। लखनऊ की हार के बाद राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में बाउंड्री रोप के पास केएल राहुल और गोयनका के बीच की बातचीत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। लखनऊ कैंप में निराशा स्पष्ट थी क्योंकि मालिक संजीव गोयनका, कप्तान केएल राहुल और उनके बाकी साथी हार के बाद निराश दिख रहे थे, जिससे टीम की आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं बाधित हो गईं। वीडियो में गोयनका को राहुल पर भड़कते देखा जा सकता है। हालांकि कुछ लोगों ने फ्रैंचाइजी मालिक पर राहुल से बुरा बर्ताव करने पर आपत्ति भी जताई।




# बजरंग पुनिया को बड़ा झटका UWW ने एक साल के लिए किया सस्पेंड

पहलवान बजरंग पुनिया की मुश्किल कम होने की बजाय लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं अब उनके सैंपल देने से इनकार करने के मामले में NADA द्वारा अस्थायी निलंबित किए जाने के बाद अब विश्व कुश्ती महासंघ (UWW) ने भी उन्हें इस साल के अंत तक सस्पेंड कर दिया है। हालांकि, भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) ने NADA के आदेश के बावजूद विदेश में उनकी ट्रेनिंग के लिए लगभग 9 लाख रुपये की मंजूरी दी है।

बता दें कि, देश के सबसे सफल पहलवानों में से एक बजरंग को नाडा ने 23 अप्रैल को निलंबित किया था। उन्हें इससे पहले 18 अप्रैल को रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया था। अपने बचाव में टोक्यों ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने कहा था कि उन्होंने कभी परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन डोप नियंत्रण अधिकारी से सिर्फ इतना पूछा कि वह नमूना लेने के लिए लाई गई 'एक्सपायर्ड किट' के बारे में विस्तार से बताएं।

बजरंग ने पीटीआई को बताया कि उन्हें यूडब्ल्यूडब्ल्यू से निलंबन के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है लेकिन वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी आंतरिक प्रणाली में अपडेट करते हुए स्पष्ट तौर पर जिक्र किया है कि वह निलंबित हैं। बजरंग के नवीनतम परिचय के अनुसार, ''उपरोक्त कारण से 31 दिसंबर 2024 तक निलंबित।'' इसमें कहा गया है, ''कथित एडीआरवी (डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन) के लिए नाडा भारत द्वारा अस्थाई तौर पर निलंबित।'' रोचक बात यह है कि मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ (एमओसी) को 25 अप्रैल की उसकी बैठक में सूचित किया गया कि बजरंग को रूस के दागेस्तान में 28 मई से ट्रेनिंग के उनके प्रस्ताव के लिए उड़ान किराए



(वास्तविक) के अलावा आठ लाख 82 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

एमओसी बैठक की जानकारी के अनुसार बजरंग का शुरुआती प्रस्ताव 24 अप्रैल से 35 दिवसीय ट्रेनिंग का था लेकिन रहने के स्थान संबंधी नियम में विफलता के कारण विरोधाभासी यात्रा तारीखों को देखते हुए उन्होंने अपनी यात्रा को 24 अप्रैल 2024 से 28 मई 2024 तक टालने का फैसला किया। इस प्रस्ताव में उनके स्ट्रैंथ एवं अनुकूलन कोच काजी किरोन मुस्तफा हसन और उन्हें ट्रेनिंग कराने वाले जोड़ीदार जितेंदर की यात्रा भी शामिल थी।

साइ महानिदेशक संदीप प्रधान और टॉप्स (टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना) के सीईओ कर्नल राकेश यादव ने उनकी ट्रेनिंग को स्वीकृति देने के फैसले के संदर्भ में पीटीआई के फोन या एसएमएस का कोई जवाब नहीं दिया। बजरंग ने पुष्टि की कि उन्होंने साइ को स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा था। उन्होंने साथ ही कहा कि उनका वकील नाडा को जवाब देगा। उन्होंने कहा, ''मैं हैरान हूं कि साइ ने इसे स्वीकृति दे दी। मैंने असल में अपनी योजना रद्द कर दी है। मैं अब ट्रेनिंग के लिए कहीं नहीं जा रहा।''


**बजरंग पुनिया को उनके सैंपल देने से इनकार करने के मामले में NADA द्वारा अस्थायी निलंबित किया गया था। वहीं अब इसी कड़ी में विश्व कुश्ती महासंघ (UWW) ने भी उन्हें इस साल के अंत तक सस्पेंड कर दिया है।**

एमओसी की इसी बैठक में महिला 57 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करने वाली सरिता मोर को अमेरिका में उनके पति और कोच राहुल मान के साथ पांच मई से ट्रेनिंग के लिए पांच लाख 96 हजार रुपये स्वीकृत किए गए। महिला 57 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली अंशु मलिक को जापान में उनके पिता और कोच धर्मवीर मलिक के साथ ट्रेनिंग के लिए 14 लाख 67 हजार रुपये स्वीकृत किए गए। अगर भारतीय कुश्ती महासंघ अंतिम चयन प्रतियोगिता के आयोजन का फैसला करता है तो कोटा विजेता अंशु को चुनौती देने के लिए सरिता को ट्रायल में विजयी होना होगा।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)
फोन– 0120– 2321857
मो0– 9811082962



## अक्षय तृतीया पर बन रहे दुर्लभ संयोग, इन शुभ समय में करें खरीदारी, बेहद खास है अभिजीत और विकला मुहूर्त

**अक्षय तृतीया का पावन पर्व वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है, यह दिन कई मायनों में बेहद शुभ माना गया है. इस दिन नए कार्यों की शुरूआत करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है, साथ ही इस तिथि को खरीदारी के लिए भी अच्छा माना गया है.**

अक्षय तृतीया के दिन मांगलिक कार्य किए जाते हैं जैसे विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण, नए कार्यों की शुरुआत या वाहन खरीदी. इन सभी कार्यों के लिए अक्षय तृतीया को बेहद महत्वपूर्ण माना गया है. अब ऐसे में यदि आप कोई सामान लेने के लिए विचार कर रहे हैं, तो शुभ मुहूर्त की जानकारी आपको होनी चाहिए.

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन गजकेसरी योग बन रहा है. गुरु और चंद्रमा की युति वृषभ राशि में हो रही है. जो लोगों के लिए शुभ फलदायी है.

### अक्षय तृतीया के दिन खरीदारी का शुभ मुहूर्त

अक्षय तृतीया के दिन 3 प्रहर मे आप शॉपिंग कर सकते हैं. कहते हैं शुभ मुहूर्त में यदि वस्तुएं खरीदी जाएं तो ऐसे में जातकों के लिए यह शुभ फलदायी होता है और जीवन की हर परेशानियां खत्म होती हैं.

**प्रात:काल मुहूर्त**

अभिजित मुहूर्त - सुबह 11.51 बजे से दोपहर 12.45 तक. यह समय खरीदारी करने के लिए बेहद शुभ माना जाता है.

विकला मुहूर्त - सुबह 11.15 से 12.15 तक. ये समय भी वस्तुएं लेने के लिए शुभ होता है.

**दोपहर के वक्त शुभ मुहूर्त**

ध्रुव मुहूर्त - दोपहर 12.15 से 1.15 तक. इस समय खरीदारी करने से जातक को धन-वैभव में बढ़ोत्तरी होती है.

लाभ मुहूर्त - दोपहर 1.15 से 2.15 तक. इस समय खरीदारी करने से लाभकारी फल मिलते हैं.

**शाम का शुभ मुहूर्त**

अमृत मुहूर्त - इस मुहूर्त की शुरुआत शाम 6.15 बजे होगी, जिसका समापन 7.15 बजे होगा. इस समय खरीदारी करना बेहद शुभ माना जाता है.

सिद्धि मुहूर्त - इस मुहूर्त की शुरुआत शाम 7.15 बजे से होगी, जिसका समापन 8.15 बजे होगा. इस समय खरीदारी करने से सफलता प्राप्त होती है.




# कब है अक्षय तृतीया पूजा शुभ मुहूर्त और महत्व

**अक्षय तृतीया के पर्व को आखा तीज के नाम से भी जाना है। इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में भी मनाई जाती है। यह पर्व हिंदू और जैन दोनों ही धर्म के भक्तों के लिए विशेष होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया तिथि पर ही त्रेता और सतयुग का आरंभ भी हुआ था, इसलिए इसे कृतयुगादि तृतीया भी कहते हैं।**

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया के पर्व का विशेष महत्व होता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार यह तिथि बहुत ही शुभ और महत्वपूर्ण मानी गई है। वैदिक पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया का पर्व हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। अक्षय का अर्थ होता है, जिसका कभी क्षय न हो या फिर जिसका कभी नाश न हो। इस तिथि को अबूझ मुहूर्त माना गया है, यानी इस तिथि पर किसी भी शुभ कार्य और मांगलिक कार्य को करने के लिए मुहूर्त का विचार नहीं करना पड़ता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस शुभ पर्व पर किया जाने वाले दान-पुण्य, पूजा-पाठ, जाप-तप और शुभ कर्म करने पर मिलने वाला फलों में कमी नहीं होती है। इस दिन सोने के गहने खरीदने और मां लक्ष्मी की पूजा करने का विशेष महत्व होता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया का पावन त्योहार 10 मई को है।

### तिथि और पूजा शुभ मुहूर्त

इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व शुक्रवार, 10 मई को मनाया जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरुआत 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर होगी। वहीं इस तृतीया तिथि का समापन 11 मई 2024 को सुबह 02 बजकर 50 मिनट पर होगी। उदया तिथि के आधार पर 10 मई को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा। अक्षय तृतीया त्योहार पर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 48 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 23 मिनट तक रहेगा।

### अक्षय तृतीया का महत्व

अक्षय तृतीया के पर्व को आखा तीज के नाम से भी जाना है। इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में भी मनाई जाती है। यह पर्व हिंदू और जैन दोनों ही धर्म के भक्तों के लिए विशेष होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया तिथि पर ही त्रेता और सतयुग का आरंभ भी हुआ था, इसलिए इसे कृतयुगादि तृतीया भी कहते हैं। अक्षय तृतीया तिथि की अधिष्ठात्री देवी पार्वती हैं। इस पर्व पर स्नान, दान, जप, यज्ञ, स्वाध्याय और तर्पण आदि जो भी कर्म किए जाते हैं वे सब अक्षय हो जाते हैं। यह तिथि सम्पूर्ण पापों का नाश करने वाली और सभी सुखों को प्रदान करने वाली मानी गई है। शुभ कार्यों को संपन्न करने के लिए अक्षय तृतीया की तिथि बहुत ही खास मानी गई है। इस दिन नई योजना को शुरू करने, नए व्यवसाय, नौकरी, नए घर में प्रवेश करने और शुभ खरीदारी के लिए बहुत ही शुभ माना गया है।

**स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त है अक्षय तृतीया**

शास्त्रों में अक्षय तृतीया तिथि को स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त माना गया है। यानी इस तिथि पर बिना मुहूर्त का विचार किए सभी प्रकार के शुभ कार्य संपन्न किया जा सकता है। इस दिन कोई भी शुभ मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, सोने-चांदी के आभूषण. घर, भूखंड या वाहन आदि की खरीदारी से सम्बंधित कार्य किए जा सकते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस अबूझ मुहूर्त की तिथि पर व्यापार आरम्भ, गृह प्रवेश, वैवाहिक कार्य, सकाम अनुष्ठान, दान-पुण्य,पूजा-पाठ अक्षय रहता है अर्थात वह कभी नष्ट नहीं होता।

### ज्योतिषीय महत्व

हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष अक्षय तृतीया का त्योहार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में भी इस तिथि का विशेष महत्व होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब अक्षय तृतीया का पर्व आता है तब सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में रहते हैं, साथ ही इस तिथि पर चंद्रमा वृषभ राशि में मौजूद होते हैं। माना जाता है इस दौरान सूर्य और चंद्रमा दोनों ही सबसे ज्यादा चमकीले यानी सबसे ज्यादा प्रकाश उत्सर्जित करते हैं। इस तरह से अक्षय तृतीया पर ज्यादा से ज्यादा प्रकाश पृथ्वी की सतह पर मौजूद रहता है। इस कारण से इस अवधि को सबसे शुभ समय माना जाता है।

### व्रत और संपूर्ण पूजा विधि

हिंदू धर्म में सभी तिथियों में अक्षय तृतीया का विशेष तिथि माना गया है। अक्षय तृतीया सर्व सिद्धि मुहूर्तों में से एक मुहूर्त है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की आराधना का विशेष महत्व होता है। अपने और परिवार की सुख- समृद्धि के लिए व्रत रखने का महत्व होता है। अक्षय तृतीया पर सुबह जल्दी उठकर गंगा स्नान या घर में ही गंगाजल मिलाकर स्नान करके श्री विष्णुजी और मां लक्ष्मी की प्रतिमा पर अक्षत चढ़ाना चाहिए। फिर इसके बाद श्वेत कमल के पुष्प या श्वेत गुलाब, धूप-अगरबत्ती और चन्दन इत्यादि से पूजा अर्चना करनी चाहिए। नैवेद्य के रूप में जौ, गेंहू, या सत्तू, ककड़ी, चने की दाल आदि अर्पित करें। इस दिन ब्राह्मणों को भोजन करवाएं और उन्हें दान-दक्षिणा करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करें।

## अक्षय तृतीया पर्व से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य

- अक्षय तृतीया तिथि पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम जी की जयंती भी मनाई जाती है। भगवान परशुराम को चिरंजीवी माना गया है इस कारण से इस चिरंजीवी तिथि भी कहा जाता है।
- अक्षय तृतीया पर ही सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था।
- भगवान विष्णु के अवतार नर-नारायण और हयग्रीव का अवतरण अक्षय तृतीया तिथि पर ही हुआ था।
- इस तिथि पर ही ब्रह्माजी के पुत्र अक्षय कुमार का आविर्भाव हुआ था।
- अक्षय तृतीया के दिन ही वेद व्यास और श्रीगणेश द्वारा महाभारत ग्रंथ के लेखन का प्रारंभ किया गया था।
- अक्षय तृतीया के पर्व के दिन ही महाभारत के युद्ध का समापन हुआ।
- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय तृतीया की तिथि पर ही मां गंगा का पृथ्वी में आगमन हुआ था।
- इस तिथि पर ही हर वर्ष श्री बद्रीनाथ के कपाट खोले जाते हैं ।
- अक्षय तृतीया तिथि पर ही वृन्दावन के श्री बांकेबिहारी जी के मंदिर में सम्पूर्ण वर्ष में केवल एक बार श्री विग्रह के चरणों के दर्शन होते हैं।
- अक्षय तृतीया तिथि से ही उड़ीसा के प्रसिद्धि पुरी रथ यात्रा के लिए रथों के निर्माण का कार्य शुरू हो जाता है।





# वैशाख शुक्ल तृतीया भगवान परशुराम जयंती

**वैशाख शुक्ल तृतीया की परशुराम जयंती एक व्रत एवं उत्सव के रूप में मनाई जाती है। 'भृगुवंश के परशुराम वेदर्षि जमदग्नि एवं इक्ष्वाकू वंश की राजकन्या रेणुका के पुत्र थे। अतः ब्रह्मवर्चस एवं क्षात्रतेज से उद्दीप्त वंश में परशुराम का जन्म हुआ।**

परशुराम शंकर को प्रसन्न करने के लिए तपश्चर्या करने गए। उन्होंने अपनी असीम भक्तिसे शिवजी को प्रसन्न कर लिया। इसीलिए शिवजीने उन्हें दिव्य अस्त्रों के साथ-साथ अपना अजेय एवं अभेद्य परशु त्र्यंबकदंड देते हुए आदेश दिया, जाओ आततायी, अनन्य अनाचारी, अत्याचारी, आतंकवादी, आसुरी एवं मदांधों से पृथ्वी को मुक्त करो।' अतः वाल्मीकि ने इसे 'क्षत्रविमर्दन' न कहकर 'राजविमर्दन' कहा है।

अग्रतः चतुरो वेदाः पृष्ठतः सशरं धनुः ।
इदं ब्राह्मं इदं क्षात्रं शापादपि शरादपि ।।

अर्थ - मेरे मुख में चारों वेदों का ज्ञान है तथा पीठपर बाणों का तरकश एवं धनुष्य है। अर्थात क्षात्रतेज एवं ब्राह्मतेज है, इसलिए समय आने पर श्राप से अथवा युद्ध कर संहार करूंगा।

### धनुर्विद्याके सर्वोत्तम शिक्षक

एक बार शस्त्र नीचे रखने के पश्चात परशुराम ने क्षत्रियों से बैर भाव छोड दिया। तदुपरांत उन्होंने ब्राह्मण, क्षत्रिय सभी को समभाव से अस्त्र विद्या सिखानी आरंभ की। महाभारत के भीष्माचार्य, द्रोणाचार्य जैसे योद्धा परशुराम के ही शिष्य थे।

### दानवीर

परशुराम ने क्षत्रिय वध के लिए जो युद्ध किए, उससे उन्हें संपूर्ण पृथ्वी पर स्वामित्व प्राप्त हो गया था । अश्वमेध यज्ञ कर, अंत में यज्ञ के अध्वर्यु कश्यप ऋषि को परशुराम ने सर्व भूमि दान कर दी ।

### भूमि की नवनिर्मिति

महर्षि कश्यप यह जानते थे कि परशुरामजी के इस भूमि पर रहते, क्षत्रिय कुल का उत्कर्ष नहीं होगा; अतः उन्होंने परशुरामजी से कहा, 'अब इस भूमि पर मेरा अधिकार है । अतः तुम यहां नहीं रह सकते हो।' तब परशुरामजी ने समुद्र हटाकर अपना क्षेत्र निर्माण किया । वैतरणा से कन्याकुमारी तक के भूखंड को परशुराम क्षेत्र की संज्ञा दी गई है।

## अक्षय तृतीया को क्यों कहते हैं आखातीज?

पूरे वर्ष में साढे तीन अबूझ मुहूर्त होते हैं। पहला चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, दूसरा विजया दशमी और तीसरा अक्षय तृतीया। आधा मुहूर्त कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को रहता है। विभिन्न मतांतर से देवप्रबोधिनी एकादशी को भी अबूझ और पवित्र मुहूर्त में शामिल किया जाता है। अबूझ मुहूर्त का अर्थ होता है कि इन तिथियों के दिन पूरे दिन ही शुभ मुहूर्त रहता है इसलिए मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं होती है। आखा का अर्थ संपूर्ण, छानना छलनी, खुरजी, एक विशेष प्रकार का बर्तन। लेकिन यहां इसका अर्थ कभी न नष्ट होने वाले से है। अविनाशी मुहूर्त या अबूझ मुहूर्त। उपर्युक्त तिथियों को स्वयं सिद्ध मुहूर्त की मान्यता प्राप्त है। इन तिथियों में बिना मुहूर्त का विचार किए नवीन कार्य प्रारम्भ किए जा सकते हैं। इसीलिए अक्षता तृतीया पर अधिकतर लोग विवाह करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से प्रारम्भ किए गए कार्य अथवा इस दिन को किए गए दान का कभी भी क्षय नहीं होता।



अक्षय तृतीया सनातन धर्म का प्रसिद्ध त्यौहार है जो लोकभाषा में आखातीज या वैशाख तीज के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व हिन्दू धर्म के अलावा जैन धर्म का भी शुभ त्यौहार है। अक्षय तृतीया को भारत और नेपाल में हिन्दुओं व जैनियों द्वारा एक शुभ समय के रूप में मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन जो भी कार्य किये जाते है, उनका अक्षय फल मिलता है, इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीय कहा जाता है। अक्षय तृतीया तिथि को अत्यंत सौभाग्यशाली माना जाता है।

# अक्षय तृतीया पर मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए क्या करें क्या न करें

अक्षय तृतीया का पावन पर्व वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। लोकभाषा में इसे आखातीज या वैशाख तीज भी कहा जाता है। यह पर्व इस बार 10 मई, शुक्रवार को है। त्रेता और सतयुग का आरम्भ भी इसी तिथि को हुआ था, इसलिए इसे कृतयुगादि तृतीया भी कहते हैं। अक्षय तृतीया का पावन पर्व वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। लोकभाषा में इसे आखातीज या वैशाख तीज भी कहा जाता है। यह पर्व इस बार 10 मई, शुक्रवार को है। त्रेता और सतयुग का आरम्भ भी इसी तिथि को हुआ था, इसलिए इसे कृतयुगादि तृतीया भी कहते हैं। भविष्य पुराण के अनुसार इस दिन स्नान,दान,जप,होम,स्वाध्याय, तर्पण आदि जो भी कर्म किए जाते हैं,वे सब अक्षय हो जाते हैं। यह तिथि सम्पूर्ण पापों का नाश करने वाली और सभी सुखों को प्रदान करने वाली मानी गई है। आइए जानते हैं कि अक्षय तृतीया पर कौन से कार्य करने से जीवन में खुशहाली आती है।

### शुभ कार्य आरंभ

बिना पंचांग देखे भी इस दिन कोई भी शुभ मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, घर, भूखंड या वाहन आदि की खरीदारी से सम्बंधित कार्य किए जा सकते हैं। व्यापार आरम्भ, गृह प्रवेश, वैवाहिक कार्य, सकाम अनुष्ठान, दान-पुण्य, पूजा-पाठ अक्षय रहता है अर्थात वह कभी नष्ट नहीं होता।

### सोना खरीदना है शुभ

धर्मग्रंथों के अनुसार स्वर्ण में देवी लक्ष्मी का वास माना गया है, इसलिए इस दिन सोने-चांदी के आभूषण खरीदना काफी शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे पूरे साल घर में सुख और समृद्धि आती है।

### शिव-पार्वती की पूजा

इस दिन भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने से इनकी कृपा बरसती है। समृद्धि और जीवन धन-धान्य से भरपूर होता है और इनकी पूजा से मनुष्य को संतान सुख मिलता है।

### वृक्ष लगाएं

इस दिन पीपल, आम, पाकड़, गूलर, बरगद, आंवला, बेल, जामुन व अन्य फलदार वृक्ष लगाने से प्राणी को सभी प्रकार के सुख प्राप्त होते हैं। जिस प्रकार अक्षय तृतीया को लगाए गए वृक्ष हरे-भरे होकर पल्लवित-पुष्पित होते हैं उसी प्रकार इस दिन वृक्षारोपण करने वाला व्यक्ति भी प्रगति पथ की ओर अग्रसर होता है।

### सत्तू और नीम की कोपल

इस दिन भगवान श्रीकृष्ण को नैवेद्य में गेहूं, जौ, चने का सत्तू, मिश्री, नीम की कोंपल, ककड़ी और चने की भीगी दाल अर्पित की जाती है। मान्यता है कि इस दिन सत्तू अवश्य खाना चाहिए।

### दान करें

अक्षय तृतीया के दिन जल से भरे घड़े, कुल्हड़, सकोरे, पंखे, पादुका, चटाई, छाता, चावल, नमक, घी, ख़रबूज़ा, ककड़ी, मिश्री, सत्तू आदि गर्मी में लाभकारी वस्तुओं का दान महापुण्यकारी माना गया है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन दान देने वाला प्राणी सूर्यलोक को जाता है। जो इस तिथि को उपवास करता है वह सुख-शांति, ऐश्वर्य और श्री से संपन्न हो जाता है।

**ये न करें** - अक्षय तृतीया वर्ष के श्रेष्ठतम मुहूर्तों में से एक है। इस दिन किया गया कोई भी शुभ-अशुभ कार्य निष्फल नहीं होता। इसलिए इस दिन कोई भी अप्रिय कार्य नहीं करना चाहिए यदि आप ऐसा करते हैं तो वह उसी रूप में उम्र भर आपका पीछा करता रहेगा। यदि इस दिन महिलाएं उपवास करती हैं तो मान्यता के अनुसार उन्हें यह व्रत करते हुए नमक का पूरी तरह से त्याग करना चाहिए।


# ‘सिकंदर’ में रश्मिका की एंट्री



सलमान खान की अगली फिल्म ‘सिकंदर’ में रश्मिका मंदाना की एंट्री हो गई है। गुरुवार को फिल्म मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह अनाउंसमेंट की। मेकर्स ने लिखा, ‘हम सलमान के अपोजिट फिल्म ‘सिकंदर’ में रश्मिका का स्वागत करते हैं। दोनों का ऑन-स्क्रीन मैजिक देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।’ वहीं रश्मिका ने एक ट्वीट करते हुए लिखा, ‘काफी वक्त से आप लोग मुझसे मेरे अगले प्रोजेक्ट के बारे में पूछ रहे थे। ये रहा सरप्राइज। सिकंदर का हिस्सा बनकर शुक्रगुजार हूं।’ इसी बीच सोशल मीडिया पर सलमान का एक फोटो वायरल है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म ‘सिकंदर’ के सेट का ही है और सलमान ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।

हालांकि अभी तक इस बारे में कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ है। इस फिल्म में सलमान और रश्मिका पहली बार साथ काम करेंगे। इसे ‘गजनी’ और ‘हॉलीडे’ जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाले ए.आर मुरुगदास डायरेक्ट करेंगे। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके प्रोड्यूसर होंगे। फिल्म अगले साल ईद पर रिलीज होगी। वर्कफ्रंट पर रश्मिका ने हाल ही में ‘एनिमल’ और ‘पुष्पा’ जैसी सुपरहिट फिल्में दी हैं। वहीं सलमान की बतौर एक्टर पिछली 4 फिल्में ठीक ठाक रही हैं। जहां ‘राधे’ और ‘अंतिम’ फ्लॉप थीं। वहीं ‘किसी का भाई किसी की जान’ एवरेज और ‘टाइगर 3’ हिट रही। प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला के साथ सलमान ‘जुड़वा’, ‘मुझसे शादी करोगी’ और ‘किक’ समेत कई हिट फिल्में दे चुके हैं। वहीं ‘सिकंदर’ से पहले मुरुगदास और सलमान साथ में 2014 में रिलीज हुई फिल्म ‘जय हो’ पर भी काम कर चुके हैं। मुरुगदास उस फिल्म के राइटर थे।

# तबाही मचाने को तैयार भैया जी




**बोले- अब निवेदन नहीं नरसंहार होगा**

देसी सुपरस्टार मनोज बाजपेयी अपनी फिल्म ‘भैया जी’ के साथ तबाही मचाने के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है और ये जबरदस्त है। ट्रेलर में आप उन्हें रौब में चलते, लोगों से बात करते, अपना गुस्सा दिखाते और दमदार एक्शन करते देखेंगे। फिल्म में मनोज को अपने भाई की मौत का बदला लेते देखा जाने वाला। देसी सुपरस्टार मनोज बाजपेयी अपनी फिल्म ‘भैया जी’ के साथ तबाही मचाने के लिए तैयार हैं। सबसे शानदार तो ये है कि ये मनोज की 100वीं फिल्म है, जिसका ट्रेलर रिलीज हो गया है और ये जबरदस्त है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी आपको ऐसे रूप में नजर आने वाले हैं, जैसा आपने उन्हें पहले कभी नहीं देखा। एक्शन, ड्रामा और और खून-खराबे से भरी बदले की कहानी दिखाता ट्रेलर आपके रोंगटे खड़े कर देगा। रेलर में मनोज का नेवरसीन एक्शन अवतार देखने को मिला है। पहली बार मनोज को इंटेंस एक्शन करते देखा जाएगा। खास बात यह है कि भैया जी मनोज की 100वीं फिल्म है। फिल्म को अपूर्व सिंह कार्की डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म 24 मई को रिलीज होगी। जैसा कि ट्रेलर में दिखाया है, इसकी कहानी बिहार के बैकग्राउंड पर बेस्ड होगी। मनोज बाजपेयी यानी भैया जी कैसे अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए नरसंहार पर उतर जाता है। ट्रेलर में एक डायलॉग है-अब निवेदन नहीं, नरसंहार होगा। इस डायलॉग से साफ है कि फिल्म कितनी एक्शन पैक्ड होने वाली है। ट्रेलर में मनोज और विलेन बने सुविंदर पाल विक्की का तगड़ा फेस ऑफ देखने को मिला। मनोज बाजपेयी को जहां तक संजीदा रोल में ही देखा जाता है। हालांकि सीरीज फैमिली मैन और तेवर जैसी फिल्मों में उनके कुछ एक्शन सीक्वेंस जरूर थे, लेकिन भैया जी में वो पूरी तरह पावर पैक्ड एक्शन सीन्स करते नजर आएंगे।

# राजकुमार राव ने नया घर खरीदा



बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म ‘श्रीकांत’ को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। दर्शकों में अभी से ही उनकी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान राजकुमार राव अपनी फिल्म के अलावा शाहरुख खान द्वारा दिए गए एक सलाह के बारे में भी खुलासा करते दिखाई दिए। मौजूदा वक्त में राजकुमार राव अपनी फिल्म ‘श्रीकांत’ को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह फिल्म आगामी 10 अप्रेल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म रिलीज से पहले राजकुमार ने हाल ही में मुंबई में आलीशान घर खरीदा है, जहां वह अपनी पत्नी-अभिनेत्री पत्रलेखा के साथ रहते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस घर की कीमत 44 करोड़ रुपए है। अब राजकुमार ने घर खरीदते वक्त शाहरुख खान की दी गई एक सलाह के बारे में खुलासा किया। राजकुमार ने कहा, “मुझे याद है एक बार शाहरुख सर ने मुझसे कहा था कि बेटा घर तो अपनी औकात से थोड़ा ज्यादा का लेना। तुम जब हैसियत से ज्यादा का घर खरीद लेते हो तब उसके लिए उतनी मेहनत भी करते हो।” उन्होंने कहा, “शाहरुख सर की सलाह को मैंने याद रखा हुआ है। उन्होंने मुझे समझाया था कि जब तुम मेहनत करते हो तब भगवान भी तुम्हारी मदद करते हैं।” राजकुमार राव कहते हैं, ‘मेरा हमेशा से सपना था कि इस शहर में मेरा भी एक घर हो और वह सपना अब जाकर पूरा हुआ है’। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो राजकुमार का घर एक आलीशान घर है, जो कथित तौर पर 3456 वर्ग फुट में फैला है। इस घर की पूर्व मालकिन जान्हवी कपूर थीं’।

# रणबीर का नया लुक सामने आया



रणबीर कपूर इस वक्त नितेश तिवारी की पौराणिक फिल्म ‘रामायण’ की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म में वह भगवान राम की भूमिका में दिखाई देंगे। सीता का किरदार साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी निभा रहीं हैं। अभी तक रिलीज डेट का एलान नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि मूवी अगले साल दिवाली के मौके पर रिलीज हो सकती है। इसके अलावा रणबीर के पास ‘एनिमल पार्क’ और ‘लव एंड वॉर’ भी है। ‘एनिमल’ से तहलका मचाने वाले रणबीर कपूर अपनी आगामी फिल्म ‘रामायण’ के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। तगड़ी ट्रेनिंग लेने के साथ-साथ वेजिटेरियन डाइट और लुक तक रणबीर ने भगवान राम के किरदार में ढलने के लिए एड़ी चोटी का दम लगा रहे हैं। रणबीर इन दिनों अपनी आगामी पौराणिक फिल्म ‘रामायण’ की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म की शूटिंग के बीच रणबीर का नया लुक सामने आया है। हेयर स्टाइलिस्ट ने भगवान राम बन रहे रणबीर के नए लुक की तस्वीर शेयर की है। इस फोटो को देख लोग उन्हें रॉकस्टार कह रहे हैं। लोगों को अभिनेता का नया अवतार पसंद आ रहा है। नितेश तिवारी की फिल्म ‘रामायण’ में भगवान राम बनने के लिए पहले रणबीर कपूर ने क्लीन शेव लुक अपनाया था। वह कुछ समय पहले क्लीन शेव लुक में दिखाई दिए थे। अब अभिनेता ने एक और नया लुक अपनाया है। सोशल मीडिया पर रणबीर का नया लुक जमकर वायरल हो रहा है।

# विजय के जन्मदिन पर दो फिल्मों की घोषणा



साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में अपना दमखम दिखा चुके अभेनिता विजय देवरकोंडा अपना 35वां जन्मदिन मना रहे थे। विजय के फैंस लगातार उन्हें जन्मदिन की धाइयां दे रहे हैं। विजय जन्मदिन के दिन भी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त रहे। साउथ स्टार विजय देवरकोंडा का साउथ इंडस्ट्री में बड़ा नाम है, लेकिन बॉलीवुड में वे पहली ही फिल्म ‘लाइगर’ में असफल रहे। हालांकि अभिनेता की साउथ की फिल्मों का कलेक्शन काफी दमदार रहा है। विजय देवरकोंडा साउथ की ‘पेली चोपुलु, ‘अर्जुन रेड्डी’, ‘महानती, ‘गीता गोविंदम’ और ‘टैक्सीवाला’ जैसी कई फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर कई हफ्तों तक राज कर चुके हैं। विजय 35 साल के हो चुके हैं। लेकिन जन्मिदन के दिन भी विजय पार्टी करने की बजाए फिल्म की शूटिंग में व्यस्त रहे। विजय के जन्मदिन खुशी में उन्होंने दो फिल्म ‘एसवीसी 59’ और ‘वीडी 14’ की घोषणा की । ‘एसवीसी 59’ का निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स बैनर के तहत दिल राजू और शिरीष द्वारा किया जाएगा। विजय देवरकोंडा की इस फिल्म को तेलुगु के साथ-साथ हिंदी, मलयालम, कन्नड़ और तमिल में भी रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा ‘वीडी14’ की कहानी ऐसी होगी जिसे ना पहले कभी किसी ने देखा होगा और ना ही सुना होगा।

### 14 को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार

# एमी विर्क और सोनम बाजवा ने लांच की पंजाबी-हरियाणवी क्रॉस कल्चरल एंटरटेनर फिल्म ‘कुड़ी’




एमी विर्क और सोनम बाजवा की सुपरहिट बॉक्स ऑफिस जोड़ी क्रॉस कल्चरल पंजाबी-हरियाणवी एंटरटेनर फिल्म कुड़ी हरियाणे वल दी में एक बार फिर साथ आ रही है। यह फिल्म 14 जून, 2024 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का हरियाणवी शीर्षक है छोरी हरियाणे आली। ऐसा पहली बार है कि किसी पंजाबी फिल्म के दो शीर्षक हैं और पहली बार पंजाबी सिनेमा में दो संस्कृतियों और दो भाषाओं को समान रूप से संतुलित करने का प्रयास किया गया है।

सोनम बाजवा अपने करियर में पहली बार एक जाटनी का किरदार निभा रही हैं और पूरी फिल्म में हरियाणवी बोल रही हैं। जबकि एमी विर्क पूरी फिल्म में पंजाबी बोलने वाले एक देसी जट्ट का किरदार निभा रहे हैं। यह फिल्म कुश्ती और खेल की दुनिया पर केंद्रित एक कॉमेडी-रोमांटिक एंटरटेनर है, जिसमें पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों तथा भारत की जाट व पंजाबी संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी स्टार कलाकार मौजूद हैं। इस फिल्म में हरियाणवी सुपरस्टार अजय हुड्डा, दिग्गज हरियाणवी और बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा भी हैं, जिन्होंने हाल ही में अपनी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म दादा लखमी के साथ हरियाणवी सिनेमा को पुनर्जीवित करने का काम किया है। प्रतिष्ठित पंजाबी क्रिकेटर और अभिनेता योगराज सिंह के साथ-साथ हरदीप गिल, सीमा कौशल, हनी मट्ठू, दीदार गिल जैसे कई पंजाबी कलाकार भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म का फिलहाल पहला पोस्टर का लांच किया गया है, जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह फिल्म एक भरपूर मनोरंजन पैकेज के साथ आती है, जिसमें युवा और पारिवारिक मनोरंजन का पूरा मसाला मौजूद है। फिल्म का लेखन और निर्देशन राकेश धवन ने किया है, जो मेगा ब्लॉकबस्टर पंजाबी फिल्मों हौसला रख, चल मेरा पुत्त सीरीज के लेखक और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित सुपरहिट फिल्म आजा मैक्सिको चलिए के निर्देशक हैं। फिल्म का निर्माण पवन गिल, अमन गिल और सनी गिल ने किया है। कुड़ी हरियाणे वाली दी, छोरी हरियाणे आली 14 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।



# श्री रामायण कथा में ‘कच्चा बादाम फेम अंजलि’ निभाएंगी मां सीता का किरदार



कच्चा बादाम से रातों-रात सोशल मीडिया पर फेम पाने वाली और कंगना रनौत के रियलिटी शो लॉक-अप से अपनी पहचान बनानी वाली अंजलि अरोड़ा जल्द ही अपना पहला डेब्यू देने जा रही हैं। जी हां, एक्ट्रेस को अभिषेक सिंह के डायरेक्शन में बन रही फिल्म श्री रामायण कथा में देवी सीता के किरदार के लिए ऑफर मिला है, जिसको लेकर हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंटरव्यू में खुलकर बात की और बताया उनको कैसा लग रहा है। रियलिटी शो लॉक-अप में आने के बाद अंजलि अरोड़ा को काफी अछी पहचान मिली, जिसके बाद अब एक्ट्रेस अब जल्द ही अपना डेब्यू देने जा रही हैं, जिसको लेकर एक्ट्रेस ने हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ अपने इंटरव्यू में बात की। बातचीत में अंजलि ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि वो सीता के रोल को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और बेहद खुश हैं। साथ ही वो खुद को धन्य महसूस करती हैं। सीता एक ऐसा किरदार है, जिसे कोई मना नहीं कर सकता है। अंजलि ने बात करते हुए आगे बताया कि उन्हें खुद नहीं पता माता सीता का किरदार उनकी झोली कैसे आया, लेकिन इस बारे में जब उन्होंने डायरेक्टर अभिषेक से बात की तो पता चला कि सीता के लिए कुछ और एक्ट्रेसेज को शॉर्टलिस्ट किया गया था, लेकिन उमको मुझ में ही इस रोल को निभानी की क्षमता नजर आई और मेकर्स ने इस रोल के लिए मुझे चुना। पिछले महीने ही इस रोल के लिए अंजलि को किया गया फाइनल। साथ ही अंजलि ने बात करते हुए आगे बताया कि जब उनको इस रोल के लिए फाइनल किया गया वो रामायण पर अपनी रिसर्च कर रही हैं। साथ ही उन्होंने खुद को सीता बनाने के लिए पढ़ाई शुरू कर दी है। वहीं, इस खबर के सामने आने के बाद अंजलि के फैंस काफी खुश हैं और उनकी इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड भी हैं। अभिषेक सिंह के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म को प्रकाश महोबिया प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसके अलावा अंजलि अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अपनी खूसूरत फोटोज और रील्स शेयर करती रहती हैं, जिनको काफी पसंद किया जाता है। अंजलि की फैन फॉलोइंग काफी बड़ी संख्या में है। उनको इंस्टाग्राम पर 13 मिलियन से यादा फैन फॉलो करते हैं। अंजलि की फैमिली में उनके पिता अश्विनी अरोड़ा, मां बबीता अरोड़ा हैं और उनके भाई अभिषेक अरोड़ा हैं।




## जब खेसारी लाल ने लड़की बन भतार बा मउगा गाने पर लगाए जोरदार ठुमके

भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार और सिंगर खेसारी लाल यादव अपने जबरदस्त अभिनय और बेहतरीन गायकी के लिए पहचाने और पसंद किए जाते हैं। उनके गाने अक्सर ही फैंस के बीच काफी देखे और पसंद किए जाते हैं। उनका एक ऐसा ही गाना सोशल मीडिया पर ट्रेंडिंग में बना हुआ है। भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार और सिंगर खेसारी लाल यादव अपने फैंस के बीच काफी अपने जबरदस्त अभिनय और दमदार दमदार गायकी के लिए काफी पॉपुलर हैं। उनकी फिल्मों और उनके गानों को खूब पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, खेसारी लाल को उनके एक्शन के साथ-साथ उनकी बेहतरीन कॉमेडी के लिए भी जाना और पसंद किया जाता है। खेसारी लाल के गाने उनके फैंस के बीच ट्रेंडिंग में बने रहते हैं।

# अनन्या संग ब्रेकअप की खबरों के बीच सारा अली खान संग पार्टी कर रहे आदित्य रॉय कपूर?



बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर से अपनी लव लाइफ को लेकर लाइमलाइट में आ गए हैं. अनन्या पांडे संग रुमर्ड ब्रेकअप की खबरें अभी शांत भी नहीं हुई थीं कि इधर आदित्य रॉय कपूर की सारा अली खान संग पार्टी की तस्वीरें वायरल हो गईं. जी हां।.आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान को हाल ही में फेमस डायरेक्टर अनुराग बसु की बर्थडे पार्टी में साथ देखा गया था. इसी पार्टी से दोनों की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

डायरेक्टर अनुराग बसु ने हाल ही में अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया था। जहां उन्होंने बहुत ही करीबी लोगों को बुलाया था। उन करीबियों में डायरेक्टर की अपकमिंग फिल्म मेट्रो इन दिनों के लीड एक्टर आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान भी पहुंचे थे। अनुराग बसु की पार्टी से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें डायरेक्टर अपने मेहमानों को बर्थडे केक देने के लिए उनके पास पहुंचते दिख रहे हैं, इसी वीडियो में आदित्य और सारा की झलक देखने को मिलती है।

आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान के साथ दिखने की खबर सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई है। आदित्य और  सारा का साथ दिखना लोगों को हजम नहीं हो रहा है। कुछ का कहना है कि अनन्या से अलग होने के बाद आदित्य अब सारा संग दिल लगा रहे हैं। तो वहीं कुछ का कहना है कि दोनों साथ में फिल्म कर रहे हैं और को-स्टार्स का एक-साथ रहना कोई गलत बात नहीं है। बता दें, सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर, अनुराग बसु की अपकमिंग फिल्म मेट्रो। इन दिनों में लीड एक्टर्स हैं।

# डिफॉल्टर बिल्डर्स और क्रेडाई के साथ सीईओ ने की बैठक

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने गुरुवार को डिफॉल्टर्स बिल्डर्स एवं क्रेडाई के साथ बैठक की। सीईओ ने बिल्डरों को फ्लैट खरीदारों के नाम रजिस्ट्री शीघ्र कराने के निर्देश दिए और जिन बिल्डरों ने प्रोजेक्ट पर कुल बकाया राशि का 25 फीसदी जमा नहीं किया है, उन्हें जल्द पैसे जमा कर खरीदारों के नाम फ्लैटों की रजिस्ट्री शुरू करने के निर्देश दिए। नोएडा प्राधिकरण बिल्डर्स पर दबाव बनाकर बीते कुछ माह में 530 रजिस्ट्री करा चुका है।

लिगेसी स्टाल्ड रियल एस्टेट प्रोजेक्टस की समस्याओं के निदान के लिये जारी शासनादेश के अनुसार कुल 57 बिल्डरों में से 20 बिल्डरों द्वारा छूट के उपरान्त 25 प्रतिशत धनराशि 170.77 करोड़ जमा करा दी गयी है। 4 बिल्डरों द्वारा कुल 25 प्रतिशत धनराशि 83.47 करोड़ में आंशिक धनराशि 53.68 करोड़ जमा करायी गयी है।




इस प्रकार प्राधिकरण को अब तक 224.45 करोड़ की प्राप्ति हुई 18 ऐसे बिल्डर है जिन्होंने 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने की सहमति दी है। बैठक में प्रमोटर्स अमित जैन (मैसर्स महागुण रियल एस्टेट प), दिनेश गोयल (मैसर्स सनवर्ड रेजीडेन्सी), राजीव शर्मा (मैसर्स लोरिएट बिल्डवेल) द्वारा आगामी सप्ताह में लगभग 200 रजिस्ट्रियाँ विशेष कैम्प का आयोजन करते हुए कराये जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में क्रेडाई की ओर से गीताम्बर आनन्द (संरक्षक), अमित जैन (अध्यक्ष), दिनेश कुमार गुप्ता (सचिव) तथा अन्य बिल्डर एवं प्राधिकरण की ओर से वन्दना त्रिपाठी अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, स्वतंत्र कुमार वित्त नियंत्रक, क्रान्ति शेखर सिंह विशेष कार्याधिकारी-ग्रुप हाउसिंग, अनिल कुमार सिंह सहायक महाप्रबन्धक, विवेक गोयल प्रबन्धक, अशोक कुमार वर्मा उप प्रबन्धक सहित अन्य उपस्थित थे।

# नगली वाजिदपुर में किया अवैध निर्माण ध्वस्त

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण पर ग्राम नगली वाजिदपुर के दो खसरा नंबरों पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यहां अतिक्रमण के मुक्त कराई गई भूमि की कीमत 3.96 करोड़ रुपए बताई जा रही है।



नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा किये जा रहे अतिक्रमणों के खिलाफ गुरुवार को। वर्क सर्किल-9 के कार्यक्षेत्र में ग्राम नगली वाजिदपुर के खसरा संख्या 221 एवं 244 पर लगभग 792.45 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर अवैध रूप से भवनों के निर्माण का प्रयास भू-माफियाओं द्वारा किया जा रहा था। जिसको वर्क सर्किल-9 की टीम द्वारा नोएडा पुलिस बल के सहयोग से रुकवाया गया तथा किये गये निर्माण को बुलडोजर व जेसीबी से ध्वस्त किया गया।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने सख्त निर्देश दिए हैं कि नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगया जाए। जहां पर भी अवैध निर्माण या कब्जा किया गया है। उसे तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। उन्होंने बताया कि आज अतिक्रमणमुक्त कराई गई भूमि की बाजार लागत लगभग 3.96 करोड़ आंकी गई है।

# फूलमंडी में सुरक्षित रखीं हैं ईवीएम मशीनें : मनीष कुमार

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर में बीते 26 अप्रैल 2024 को मतदान संपन्न होने के उपरांत सभी पोल्ड ईवीएम मशीनों को फूल मंडी फेस-2 नोएडा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखा गया है, जिसका जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा भी स्थलीय निरीक्षण किया गया।




फूलमंडी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम से भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप विशेष निगरानी रखी जा रही है और सीसीटीवी नियमित संचालित रहे इसके लिए पर्याप्त मात्रा में विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान फूल मंडी फेस-2 नोएडा में तैनात सुरक्षा बलों से सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। सुरक्षा बलों के द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ स्ट्रांग रूम एवं फूल मंडी परिसर पर निगरानी रखी जा रही है।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं समस्त प्रत्याशी या उनके प्रतिनिधि भी फूल मंडी फेस-2 नोएडा पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा ले सकते हैं। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शराब तस्कर की पुलिस हिरासत में मौत की होगी मजिस्ट्रेट जांच

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के थाना सेक्टर-39 पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब तस्करी के आरोप में पकड़े गए तस्कर की पुलिस हिरासत में मौत की मजिस्ट्रेट जांच होगी। गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उप मजिस्ट्रेट दादरी को इस मामले की जांच सौंपी है।

उप जिला मजिस्ट्रेट दादरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते 19 मार्च 2024 को थाना सेक्टर-39 पुलिस द्वारा अभियुक्त तनवीर पुत्र मोसीन निवासी ग्राम भानसिया थाना महलगांव जिला अररिया बिहार हाल पता कारि का मकान गली नंबर-35 ग्राम छलैरा सेक्टर-44 थाना को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गयी थी।

थाना सेक्टर-39 में तनवीर (उम्र 35 वर्ष) को 20 मार्च 2024 की प्रातः लगभग 4:20 बजे हवालात में पेट दर्द की शिकायत होने के कारण जिला अस्पताल सेक्टर-39 नोएडा ले जाया गया, जहां से रैफर होकर हायर सेंटर सफदरजंग अस्पताल दिल्ली में ले जाया गया, जहां पर उपचार के दौरान सफदरगंज अस्पताल दिल्ली में तनवीर की मृत्यु हो गयी। उक्त घटना की मजिस्ट्रियल जांच के लिए जिला मजिस्ट्रेट गौतमबुद्धनगर के द्वारा उन्हें जांच की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

उन्होंने सर्व साधारण का आह्वान किया है कि यदि उक्त घटना के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी हो अथवा कोई व्यक्ति अपना मौखिक/ लिखित साक्ष्य बयान देना चाहता है तो वह 20 मई 2024 तक उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# कुणाल हत्याकांड का खुलासा करने पर पुलिस कमिश्नर व टीम को किया सम्मानित





## ब्राहमण समाज महासंघ व जनशक्ति सेवा समिति ने दी बधाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा से दिनदहाड़े अपहत बालक कुणाल शर्मा की हत्या का खुलासा करने तथा हत्यारों को गिरफ्तार करने पर ब्राहमण समाज महासंघ ने पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह तथा पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर ब्राहमण समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केके मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव लोकेश त्रिपाठी, राष्ट्रीय सचिव लोकेश शुक्ला, अरूण मिश्रा, प्रभाकर झा ने पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी तथा कहा कि उन्होंने इस घटना का त्वरित अनावरण कर अपराधमुक्त समाज की स्थापना में महती भूमिका निभाई है।

इस मौके पर जनशक्ति सेवा समिति के चेयरमैन तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पं. रविकांत मिश्रा, अध्यक्ष नरेन्द्र चौपड़ा, महासचिव शिवलाल सिंह, अजय बटाला, संजय जैन, भाजपा के उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, प्रवीण भारद्वाज, रामनारायण पांडे ने भी पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को बधाई दी।

# पूरी फिल्मी है कुणाल को ठिकाने लगाने की घटना, हसीना निकली हत्यारिन




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के होनहार कुणाल शर्मा को ठिकाने लगाने की कहानी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। ग्रेटर नोएडा से लेकर लखनऊ तक यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रेटर नोएडा शहर में अपनी बुद्धि के बल पर अपने पिता के कारोबार को संभालना कुणाल की मौत का सबसे बड़ा कारण बन गया। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के इस सनसनीखेज हत्या के मामले में एक हसीना ने बच्चे को बेहरमी से मार डाला। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने इस पूरे मामले का खुलासा कर दिया है।

## ग्रेटर नोएडा पुलिस के लिए था बड़ा चैलेंज

ग्रेटर नोएडा में रहने वाले कुणाल का अपहरण करने तथा अपहरण के बाद हत्या करने की यह पूरी साजिश बेहद शातिराना अंदाज में रची गई थी। इस पूरे काण्ड को अंजाम देने से पहले हत्यारों ने नेटफिलिक्स पर आई वेबसीरीज हिट को देखा। इस वेब सीरीज को देखने के बाद हत्यारों ने ऐसी फुल प्रूफ प्लानिंग बनाई कि पुलिस को भी समझ में नहीं आ रहा था कि कुणाल शर्मा की हत्या को कैसे अंजाम दिया गया है। गुरूवार को इस हत्याकांड का नोएडा पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस उपायुक्त कार्यालय ग्रेटर नोएडा में की गई प्रेसवार्ता में कुणाल शर्मा की हत्या में शामिल आरोपियों को मीडिया के सामने लाया गया।

अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार ने बताया कि 1 मई 2024 को थाना बीटा-2 क्षेत्र में शिव होटल चलाने वाले कृष्ण कुमार शर्मा के 14 वर्षीय बेटे कुणाल शर्मा का अपहरण कर लिया गया था। अपहरण का सीसीटीवी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। 5 मई को कुणाल शर्मा का शव बुलंदशहर में नहर से बरामद किया गया था। इस पूरे हत्याकांड के खुलासे के लिए नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने 11 टीमें लगाई थीं जो सीसीटीवी, मैनुअल व टैक्निकल सर्विलांस के जरिए कुणाल शर्मा के हत्यारों को पकड़ने में लगी हुई थीं। बुधवार रात ग्रेटर नोएडा पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने डाढा गांव निवासी कुणाल भाटी और बुलंदशहर निवासी हिमांशु चौधरी व मनोज को गिरफ्तार किया। पूछताछ में तीनों ने बच्चे की हत्या की बात कबूली। पुलिस ने इस दौरान अपहरण में इस्तेमाल की गई स्कोडा कार, मृतक बच्चे के कपड़े तथा बच्चे का मोबाइल फोन भी बरामद किया। इसके साथ ही पुलिस ने स्टीकर, टेप तथा अभियुक्तों ने जो कपड़े थे उन्हें भी बरामद किया। अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि 1 मई को अपहरण के दौरान कुणाल शर्मा को कार में बैठाते ही उसके मुंह पर टेप लगा दिया गया और उसके हाथ बांद दिए गए। उसके बाद कुणाल शर्मा को एक फ्लैट में ले गए जहां उसकी पिटाई की गई। इस दौरान सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। कुणाल के मरने के बाद उसके शव को एक ट्रॉली बैग में रखा गया और उसे बुलंदशहर की नहर में डिस्पोज कर दिया गया।

## ढाबे पर कब्जा चाहता था मनोज

**उन्होंने बताया कि मनोज और हिमांशु मृतक बच्चे कुणाल शर्मा के पिता कृष्ण कुमार शर्मा को पहले से जानते हैं। मनोज के.के. शर्मा के साथ पार्टनरशिप में ढाबा चला रहा था जबकि हिमांशु ने के.के. शर्मा से उधार रूपये लिये थे। मनोज और हिमांशु ने इस पूरी साजिश को रचा। उनका सोचना था कि कुणाल के मरने के बाद ढाबा उसके कब्जे में आ जाएगा और हिमांशु को भी पैसे नहीं लौटाने पड़ेंगे। इस पूरी साजिश में मनोज और हिमांशु ने अपने दोस्त कुणाल भाटी और गुरूग्राम से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही तन्वी को शामिल किया।**

## वेबसीरीज देखकर बनाई प्लानिंग

**अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार ने बताया कि कुणाल हत्याकाण्ड में शामिल आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि कुणाल की हत्या के लिए उन्होंने फुलप्रूफ प्लानिंग बनाई थी। सभी ने नेट फ्लिक्स पर प्रसारित वेब सीरीज हिट देखी। जिससे उन्होंने कई आइडिये लिए। जैसे सबूत कैसे छुपाने हैं। गाड़ी पर स्टीकर बदलना है, डेड बॉडी से प्रिंगर प्रिंट कैसे हटाने हैं और अपहरण के समय पहने हुए कपड़े कैसे बदलकर छुपाने हैं। उन्होंने बताया कि बच्चे के शव को ले जाने के लिए आरोपियों ने ट्रॉली बैग का इस्तेमाल किया। इस पूरी घटना के पीछे मनोज और हिमांशु मास्टर माइंड हैं।**

